हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 सितंबर 2024

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## हैदराबाद की नई फ्लाइट 23 से, सीट बढ़ने से यात्रियों को किराए में राहत के आसार

### यात्री ज्यादा इसलिए दुर्गा पूजा के पहले नई फ्लाइट की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हैदराबाद की यात्रा करने वाले लोगों को दुर्गा पूजा के पहले नई फ्लाइट की सुविधा मिलने वाली है। 23 सितंबर से संचालित होने वाली नई उड़ान से हैदराबाद-रायपुर सेक्टर में सीटों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को किराए में राहत मिलने की संभावना है। अभी नियमित रूप से दो उड़ान का संचालन होने के बाद भी यात्रियों को आठ से दस हजार रुपए किराया देना पड़ता है। रायपुर से नियमित रूप से दर्जनभर शहरों के लिए फ्लाइट का संचालन ▶▶ शेष पेज 13 पर

- अभी दो नियमित उड़ान, देना पड़ रहा 8 से 10 हजार तक किराया




**तीन फ्लाइट वाला तीसरा शहर**

वर्तमान में रायपुर से दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा तीन फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इसके अलावा मुंबई और कोलकाता के लिए तीन फ्लाइट उड़ान भरती है। रायपुर से कनेक्ट होने वाला हैदराबाद तीसरा शहर होगा। माना जा रहा है कि दिवाली के पहले रायपुर से कुछ नए शहरों के लिए भी फ्लाइट का संचालन किए जाने की घोषणा हो सकती है।

**नवंबर में एयर इंडिया की वापसी**

वर्तमान में रायपुर से सबसे ज्यादा इंडिगो की फ्लाइट का संचालन होता है। इसके अलावा विस्तारा दो फ्लाइट दिल्ली के लिए संचालित करती है। सूत्रों के अनुसार नवंबर से एयर इंडिया की रायपुर एयरपोर्ट में वापसी के आसार बन रहे हैं। विमानन कंपनी ने डेढ़ साल पहले अपनी उड़ान बंद कर दी थी, अब विस्तारा एयरलाइंस के साथ मिलकर वापसी के आसार हैं।

### विजिलेंस टीम को काफी समय से मिल रही थीं शिकायतें

# तीन ट्रेनों में विजिलेंस छापा, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दो टीटीई से मिले वसूली के पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

त्योहार पर लगातार ट्रेन रद्द होने के बाद जोन की ट्रेनों में यात्रियों को भीड़ बढ़ चुकी है। यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा। ऐसे में अगर यात्री को वेटिंग टिकट के साथ सफर करना है, तो टीटीई को पैसे देकर खुश करना पड़ेगा, तभी बैठने के लिए आरामदायक सीट भी मिलेगी। कुछ ऐसी ही शिकायत रेलवे विजिलेंस टीम को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस व आजाद हिंद एक्सप्रेस की मिली थी। इसीलिए टीम ने कोलकाता से लेकर रायपुर तक जांच की। इस दौरान रविवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दो टीटीई अतिरिक्त पैसों के साथ पकड़े गए। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कहा जा रहा है कि कोलकाता मार्ग पर तो कुछ टीटीई तो ड्यूटी के दौरान यात्रियों को सीट दिलाने के नाम पर मोटी रकम भी वसूलते हुए पकड़े गए। अक्सर ट्रेनों में भीड़ बढ़ने से टीटीई की अवैध ▶▶ शेष पेज 13 पर

- पैसा वसूलने के बाद मौके पर ही टीटीई को पकड़ा



**तीन ट्रेनों में जांच**

जानकारी के अनुसार टीम ने पहले गीतांजलि एक्सप्रेस व आजाद हिंद एक्सप्रेस में दबिश दी और कुछ टीटीई को रंगे हाथों पकड़ा। यहां कार्रवाई करने के बाद टीम शुक्रवार सुबह जोन बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां उन्होंने डारमेट्री की बुकिंग कराई। उन्होंने दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा। यही कारण है कि यहां उनके पहुंचने की भनक किसी को नहीं थी। टीम ने छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान टीटीई से अतिरिक्त रकम मिली।

**टीटीई पर कार्रवाई**

रेलवे बोर्ड की विजिलेंस टीम ने टीटीई पर कार्रवाई की है। टीम रिपोर्ट बनाकर देगी। जोन में टीटीई को रेलवे नियमों के साथ कार्य करने का निर्देश पहले से ही दिया हुआ है।

*- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव, सीपीआरओ, दपूमरे*

**आम यात्री की तरह ट्रेन में पहुंचे**

*दोपहर को डारमेट्री से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में आम यात्री की तरह पहुंचे। बिलासपुर से ट्रेन छूटने के कुछ देर बाद प्रत्येक कोच में जाकर नजर रखने लगे। जब उन्हें टीटीई द्वारा वसूली करने की पुष्टि हो गई, उन्होंने परिचय दिया और जांच की। जांच में उन्हें टीटीई के पास से 1500 रुपये अतिरिक्त मिले। अतिरिक्त राशि की पुष्टि इसलिए हुई, क्योंकि ड्यूटी पर जाने से पहले प्रत्येक टीटीई को अपने पास रखी रकम का हिसाब देना होता है। इसकी जानकारी भी अंकित रहती है। इसके बाद एक दूसरे टीटीई के पास पहुंचे और जब उसकी जांच की, तो चार हजार रुपये अतिरिक्त मिले। इस पर दोनों के खिलाफ प्रकरण भी बनाया गया। इस ट्रेन से टीम गोंदिया तक जांच करती गई और वापसी में गोंदिया स्टेशन से रायपुर होते हुए अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में जांच करती आई।*

## आपसी रंजिश के चलते चाकू से किया हमला



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, लोकेश जगत की शिकायत पर राहुल गेंड्रे को गिरफ्तार किया गया है। लोकेश ने पुलिस को बताया है कि शनिवार को वह अपने घर के पास बैठा था, इसी दौरान राहुल, लोकेश के साथ विवाद करते हुए चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर घायल कर दिया।

## टेक्नो पार्टी में रेव का आरोप, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में रविवार को एक टेक्नो पार्टी में अलग-अलग संगठन से जुड़े लोगों ने जबरिया प्रवेश कर जमकर हंगामा किया। पार्टी शुरू होने के आधे घंटे के भीतर आयोजन रद्द करना पड़ा। घटना ललित महल में आयोजित ईवेंट कार्यक्रम की है। ललित महल प्रबंधन ने हंगामा करने वालों के खिलाफ संबंधित थाना में शिकायत दर्ज कराई है। ललित महल के मैनेजर अजय कर्ण के मुताबिक घटना दिनांक को एक ईवेंट कंपनी ने म्यूजिक बेस्ड टेक्नो पार्टी, जिसमें संगीत के साथ ड्रिंक की व्यवस्था रहती है, का ▶▶ शेष पेज 13 पर


## करोड़ों की जमीन कब्जाने की कोशिश मंदिर हसौद पुलिस ने दर्ज नहीं किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- एसपी, डीआईजी, आईजी के बाद अब डीजीपी से शिकायत

दिल्ली निवासी एक महिला कमलेश जैन के मालिकाना हक वाली ग्राम तांदुल की करोड़ों रुपए की 12.990 हेक्टेयर(30 एकड़) जमीन हड़पने की कोशिश का मामला सामने आया है। इस मामले में संदिग्धों के खिलाफ नामजद शिकायत होने के एक माह बाद भी मंदिर हसौद पुलिस ने एफआईआर नहीं की है। मामले की शिकायत अब पुलिस महानिदेशक से की गई है। खास बात ये है कि दो साल पहले भी इसी जमीन को षडयंत्रपूर्वक कब्जाने ▶▶ शेष पेज 13 पर

ऊँ नमः शिवाय श्री राणी सत्यै नमः श्री हनुमते नमः
श्री राणी सती मंदिर समिति
केनाल लिंकिंग रोड, राजातालाब, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2439501
47वां वर्ष
भादोमावस मेला 2024




श्रद्धालु भक्तजन,
प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भादो बदी अमावस्या को श्री राणी सती दादी जी का दो दिवसीय महोत्सव (भादोमावस मेला) दिनांक 02 एवं 03 सितम्बर 2024 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
उक्त कार्यक्रम इस प्रकार है:
दिनांक 03 सितम्बर 2024 दिन- मंगलवार
- जात धोक पूजा – प्रातः 7.00 बजे से
- मंगल पाठ – दोपहर 2.00 बजे से
- भजन संध्या एवं मेला– सायं 5.00 बजे से
- भजन गायक – पूजा नत्थानी, निशा सोनी (कोलकाता), मनोज सेन (धनबाद)
- महाआरती – रात्रि 9.30 बजे
- छप्पन भोग वितरण – रात्रि 9.30 बजे

परम आराध्य माँ दादी राणी सती जी आज भी अपने भक्तों पर निःस्वार्थ कृपा बरसाने वाली माँ नारायणी हैं। वर्तमान में आदि-शक्ति के रूप में सभी धर्मों के भक्तों द्वारा पूज्यनीय है। आज भी राजस्थान के झुनझुनू में दुर्गा जी की शक्ति के त्रिशुल रूप में दादी जी विराजमान है। जिसका गुणगान सारे संसार में गुंजता है। विगत 47 वर्षों से रायपुर में भादोमावस मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है।
आप सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर दादी जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।
!! प्रेम से बोलो जय दादी की !!
कार्यक्रम स्थलः श्री राणी सती मंदिर समिति केनाल लिंकिंग रोड, राजातालाब, रायपुर (छ.ग.)
ASA

FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP
RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS
Limited Time. Unlimited Fayde!
- Discounts on all product range
- Get discount vouchers on next purchase
- Upto 70% OFF On Selected Products
AND MANY MORE...
KOHLER. Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES hansgrohe icon WORLD OF TILE fima CARLO FRATTINI FlexStone Oyster haique Quartz | Marble | Terrazo HÄFELE SABURI PLYWOOD
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 8518882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020

## खबर संक्षेप



### रामसागर पारा में बैल दौड़ का आयोजन

**रायपुर।** पोरा महोत्सव में बैल दौड़ करा कर आकर्षक उपहार शील्ड, प्रोत्साहन राशि के साथ सभी बैल मालिकों का पुष्प गमछे से सम्मान किया गया। पिछले बहुत वर्षों से चले आ रहे पारंपरिक पोरा तिहार रामसागर पारा में बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में मेन रोड पर मंच लगा कर बैल दौड़ का आयोजन कराया गया। इसमें समस्त बैल जोड़ों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सम्मान राशि के रूप में सर्वश्रेष्ठ बैल जोड़ों को 7100 रुपये एवं प्रथम बैल जोड़े को 5100 रुपये, द्वितीय बैल जोड़े को 4100 रुपये एवं अन्य सभी बैल जोड़ों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3100 रुपये की उपहार राशि दी गई। साथ ही प्रशस्ति पत्र देकर सभी बैल जोड़ों के मालिकों का उत्साह वर्धन किया गया।

### पूर्व आईएफएस बजाज का इस्तीफा, अब प्राईवेट सेक्टर में शिक्षा के लिए करेंगे काम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी एसएस बजाज ने राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। आईएफएस से रिटायर होने के बाद वे छत्तीसगढ़ शासन में संविदा नियुक्त पर काम कर रहे थे। उनके पास नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार भी था। श्री बजाज ने अपना इस्तीफा राज्य के मुख्य सचिव को सौंपा था। उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है।

लंबे समय तक दी सेवाएं

श्री बजाज ने छत्तीसगढ़ में लंबे संमय तक सेवाएं दीं। वे नवा रायपुर के निर्माण के दौरान लंबे समय तक वहां रहे। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया था। आईएफएस के रूप में उन्होंने वन विभाग में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

### नवनियुक्त कांग्रेस के प्रभारी सचिवों ने वेणुगोपाल और पायलट से की मुलाकात





**रायपुर।** नवनियुक्त छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सचिवों ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वास दिलाया की छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और राज्य की जनता के मुद्दों को राजनीति के केंद्र में लाने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, एसए सम्पत व सह सचिव विजय जांगिड़ मौजूद थे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी रिसर्च डिपार्टमेंट के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने दी।

### भाजपा सरकार के राज में महिलाएं असुरक्षित आज कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अनाचार एवं सामूहिक गैंगरेप की घटनाओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा, भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलाएं असुरक्षित हो गई हैं। रोज-रोज प्रदेश में कहीं ना कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही हैं। राजधानी में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। मामले को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# नए बजट में युवाओं और आईटी सेक्टर पर रहेगा जोर : वित्तमंत्री चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी बीच राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने नए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में बजट की प्राथमिकताओं के बारे में बताया है। उन्होंने कहा है कि नए बजट में युवाओं और राज्य में आईटी सेक्टर के विस्तार पर फोकस रहेगा। श्री चौधरी साय सरकार का पहला बजट 2024-25 पेश कर चुके हैं।

वित्तमंत्री ने सोमवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- विष्णु सरकार के दूसरे बजट की तैयारी शुरू हो गई है। पहले बजट में कई योजनाओं को शुरू किया गया है। पिछली सरकार में कई कार्यों को सिर्फ दिखावे के लिए स्वीकृत किया गया था, उनके लिए बजट का प्रावधान हमारी सरकार ने किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि, नए बजट में युवाओं पर फोकस रहेगा। शहरी क्षेत्रों में आईटी सेक्टर को मजबूत करेंगे। बस्तर सरगुजा में पर्यटन को बढ़ाना देने की भी कोशिश रहेगी।

#### नियम के मुताबिक कर्ज

राज्य सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे ऋण के सवाल पर उन्होंने कहा- हमने आरबीआई के नियम के तहत की कर्ज लिया है। जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) के एक मानक अनुपात में ही कर्ज लिया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में जीएसडीपी बढ़ रही है, इसलिए कर्ज ज्यादा मिल रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि, हम विकास की योजनाओं के लिए कर्ज ले रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस ने अपनी जेब भरने के लिए कर्ज लिया।



#### सरकार में सब अच्छा चल रहा

*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेशवासियों को तीजा पोरा तिहार की बधाई दी। ओपी चौधरी ने कहा कि, प्रदेश में इस बार मानसून अच्छा रहा है। प्रदेश के लिए आज अच्छा दिन है, आज प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की किश्त मिलने जा रही है। विष्णु सरकार में सब अच्छा चल रहा है।*

### 6 सितंबर से बूथों में प्रारंभ होगा अभियान, 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

# मुख्यमंत्री साय बनेंगे आज भाजपा के पहले सदस्य, कल सभी जिलों में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का प्रदेश में मंगलवार से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव पार्टी का पहला सदस्य बनाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के ओबीसी सांसद और विधायकों का सम्मान भी होगा। अगले दिन चार सितंबर को प्रदेश के हर जिले में सदस्यता अभियान का प्रारंभ होगा। इसके लिए प्रदेश संगठन ने अतिथि भी तय कर दिए हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देश के 18 करोड़ पुराने सदस्यों की सदस्यता रद्द कर दी है। अब नए सिरे से सदस्य बनाने का काम प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को पहला सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। अब राज्यों में मंगलवार से सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हर बूथ में दो-दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। बूथ स्तर पर अभियान 6 सितंबर से प्रारंभ होगा।



#### बिलासपुर में किरण देव रायगढ़ में अरुण साव

बिलासपुर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी व रजनीश सिंह, कोरबा में कृषि मंत्री रामविचार नेताम व ननकीराम कँवर, रायगढ़ में उपमुख्यमंत्री अरुण साव व सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम वर्मा व निर्मल सिन्हा, जशपुर में राधेश्याम राठिया व रणविजय सिंह जूदेव, सरगुजा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव व कमलभान सिंह, बलरामपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व उद्धेश्वरी पैकरा, सूरजपुर में सांसद चिंतामणि महाराज व रामसेवक पैकरा, कोरिया में विधायक रेणुका सिंह व भैयालाल राजवाड़े, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय व चंपा देवी पावले की उपस्थिति में कार्यक्रम होंगे।

#### बस्तर में केदार कश्यप रहेंगे

मंगलवार को जिलों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए अतिथि तय किए गए हैं। सुकमा में ओजस्वी मंडावी, अरुणसिंह भदौरिया व हूंगाराम मरकाम, बीजापुर में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जी. वेंकट व सुखलाल पुजारी, दंतेवाड़ा में श्रीनिवास राव मद्दी, विजय तिवारी व कुमारसिंह भदौरिया, बस्तर में वन मंत्री केदार कश्यप, शरद अवस्थी व सुभाऊराम कश्यप, नारायणपुर में दिनेश कश्यप, बृजमोहन देवांगन व गौतम गोलछा, कोण्डागांव में महेश कश्यप, प्रवीण सिंह बदेशा व मनोज जैन, कांकेर में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी, महावीर सिंह राठौर, निरंजन सिन्हा व सुमित्रा मारकोले, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, कोमल जंघेल व विक्रांत सिंह, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी में प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा व संजीव शाह, राजनांदगांव में विधायक अमर अग्रवाल, खूबचंद पारख व अशोक शर्मा, कबीरधाम में विधायक भावना बोहरा, मोतीराम चंद्रवंशी व सियाराम साहू, बेमेतरा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक ईश्वर साहू, लाभचंद बाफना, विधायक दीपेश साहू व प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, भिलाई में विधायक राजेश मूणत, सांवलाराम डाहरे विधायक डोमनलाल कोर्सवाड़ा व विधायक रिकेश सेन।

#### दुर्ग में रहेंगे डिप्टी सीएम विजय शर्मा

दुर्ग के कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक ललित चंद्राकर व विधायक गजेंद्र यादव, बालोद में भोजराज नाग, प्रीतम साहू व यशवंत जैन, धमतरी में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, रंजना साहू, श्रवण मरकाम व पिंकी शाह, गरियाबंद में मंत्री दयालदास बघेल, प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा, गोवर्धन मांझी, विधायक रोहित साहू, डमरूधर पुजारी व संतोष उपाध्याय, रायपुर (ग्रामीण) में सांसद रूपकुमारी चौधरी, चंद्रशेखर साहू, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब, विधायक इंद्रकुमार साहू, देवजीभाई पटेल, नवीन मार्कंडेय, संजय ढीढी व अशोक बजाज, रायपुर (शहर) में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक पुरंदर मिश्रा व विधायक मोतीलाल साहू, बलौदाबाजार में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा व श्याम बाई साहू, महासमुंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूनम चंद्राकर व डॉ विमल चोपड़ा, जांजगीर-चांपा में विधायक धरमलाल कौशिक, कमलादेवी पाटले, सौरभ सिंह व अम्बेश जांगड़े, सक्ती में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, मेघाराम साहू व जगन्नाथ पाणिग्रही, मुंगेली में सांसद कमलेश जांगड़े व विधायक पुन्नूलाल मोहले, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में मंत्री लखनलाल देवांगन, राजा पांडेय व प्रणव कुमार मरपच्ची।

# पूर्व मुख्यमंत्री के निवास में पोरा मनाने पहुंची सुप्रिया, रागिनी, अल्का

#### बघेल ने जताया आभार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकारी निवास में कांग्रेस नेत्री अलका लाम्बा, सुप्रिया और रागिनी ने तीजा पोरा मनाया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बंगले में रायपुर पधारी महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा, एआईसीसी सोशल मीडिया चेयरमैन सुप्रिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक शामिल हुईं।

तीजा पोरा पर्व के दौरान कांग्रेस नेत्री अलका लाम्बा, सुप्रिया और रागिनी छत्तीसगढ़ी गाने पर नाचीं भी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुईं। श्री बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी विशिष्ट लोक संस्कृति और तीज-त्योहारों के लिए देशों दुनिया में विख्यात है। यहां अक्ति में मिट्टी की पूजा, हरेली में कृषि उपकरणों की पूजा, देवारी में पशु पूजा जैसे अनगिनत त्योहारों के द्वारा प्रकृति पूजा की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाता है। आसान भाषा में कहें, तो ये पर्व ये त्योहार छत्तीसगढ़ी जन जीवन का आईना होते हैं। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स में दिल्ली से आई कांग्रेस नेत्रियों के आगमन के लिए सपरिवार आभार जताया।

#### छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक का हो आयोजन

तीजा-पोरा कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, परंपरिक खेलों का आयोजन सरकार को कराना चाहिए। कांग्रेस सरकार ने इसके लिए छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक शुरू किया था, उसे फिर से कराना चाहिए। आज के समय में लोग पारंपरिक खेलों को भूलते जा रहे हैं। मोबाइल और टेलीविजन में अधिक समय दे रहे हैं।

# डिप्टी सीएम के बयान पर मेयर का पलटवार, कहा- न चुनाव का बाण फेंका, न रायपुर के साथ भद्दा मजाक

**मास्को से लौटे एजाज ढेबर की दो टूक, पर्सनल टूर नहीं सरकारी आमंत्रण पर गया था मास्को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने नगरीय प्रशासन मंत्री व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है, मैंने न चुनाव का बाण फेंका है,न ही रायपुर शहर के साथ भद्दा मजाक किया। जवाबदार पद पर बैठे डिप्टी सीएम के बयान पर उन्हें आश्चर्य हुआ है। मास्को सरकार के आमंत्रण पर मैं वहां गया था, ये कोई पर्सनल टूर नहीं था। लाइट मेट्रो ट्रेन को लेकर किये गये एमओयू के संबंध में श्री ढेबर ने कहा कि एमओयू की लिमिटेशन वे समझते हैं। हमने एमओयू का प्राथमिक स्टेज पार किया है।

गांधी सदन के महापौर कक्ष में मास्को यात्रा के अनुभव साझा करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने पत्रकारों से चर्चा में ये बात कही। उन्होंने बताया कि मास्को में आयोजित इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट समिट में 160 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें चीन, ब्राजील, मध्य एशिया, अफ्रीका सहित अन्य देश के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस सम्मेलन में रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने का मौका मिला। रायपुर में लाइट मेट्रो ट्रेन चलाने प्रस्तुतिकरण दिया गया। 1862 से रशिया में मेट्रो ट्रेन चलाई जा रही है।

विदित हो कि महापौर के इस अंतर्राष्ट्रीय दौरे को लेकर विपक्ष ने कई आरोप लगाये और मास्को यात्रा के दौरान हुए



एमओयू को बेबुनियाद करार दिया था। इन आरोपों को एक सिरे से खारिज करते हुए एजाज ढेबर ने बताया कि वर्ष 2023 से लेकर अब तक उन्हें मास्को अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट समिट में बुलाया जाता रहा है।

रायपुर में लाइट मेट्रो को लेकर आपने राज्य शासन की अनुमति ली कि नहीं? सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी राज्य सरकार से अनुमति वाला स्टेज नहीं आया है। बाहर से टेक्निकल टीम जब रायपुर आएगी, तब उनकी जरूरत पड़ेगी। पीपीपी मॉडल पर लाइट मेट्रो का कंसेप्ट प्रस्तावित है। इस पर दलगल राजनीति से उठकर सोचने की जरूरत है।

# योजना-सांख्यिकी विभाग में सीसीटीवी कैमरों के लिए आ रहे प्रस्ताव, गाइड लाइन में नहीं इसलिए मंजूरी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मारपीट, चोरी, लूट, उठाईगिरी, हत्या जैसी अपराधिक वारदातों से लेकर सड़क दुर्घटना होना अब आम बात हो गई है। इस तरह की वारदात व दुर्घटना कहीं भी किसी भी समय हो सकती है। इस तरह की वारदातों एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस रात्रि गश्त, जागरूकता अभियान सहित कई तरह के प्रयास करती है, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद अचानक होने वाली या योजनाबद्ध तरीके से घटित वारदात या दुर्घटना को रोक पाना पुलिस के लिए भी मुश्किल है।

हालांकि इसके बाद भी पुलिस अपनी सक्रियता से घटनास्थल पर मिले सबूतों, गवाहों एवं सीसीटीवी कैमरों के फूटेज के माध्यम से कई मामलों में अज्ञात आरोपियों को ढूंढ निकालकर गिरफ्तार तक करती है, लेकिन कई बार सिर्फ सबूत एवं गवाह काम नहीं आते हैं। कैमरे के फूटेज अहम हो जाते हैं, जिससे आरोपियों की पहचान जल्द हो पाती है। यही कारण है कि अब आम लोग भी विधायकों से स्कूल-कॉलेज के आसपास से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की डिमांड करने लगे हैं।



#### जनता की डिमांड पर विधायक भी अनुशंसा प्रस्ताव भेज रहे

*आम लोगों की डिमांड पर अब विधायक भी सीसीटीवी कैमरे की मांग करते हुए योजना एवं सांख्यिकी विभाग को अनुशंसा करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा से उनके विधानसभा क्षेत्र के लोगों द्वारा कई सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की डिमांड की गई है। इस डिमांड पर विधायक ने विभाग को प्रस्ताव भेजकर अनुशंसा भी की है, लेकिन विधायक निधि की गाइड लाइन में सीसीटीवी कैमरे की खरीदी संबंधी कार्य शामिल नहीं होने के कारण विभाग द्वारा अब तक प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी गई है।*

#### गाइड लाइन में शामिल होना चाहिए

विधायक निधी की गाइड लाइन में सीसीटीवी कैमरे की खरीदी कर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने संबंधी कार्य को भी शामिल किया जाना चाहिए। लगातार डिमांड आती है। प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।

- पुरंदर मिश्रा, विधायक, उत्तर विधानसभा क्षेत्र

#### समय-समय पर भेजते है प्रस्ताव

समय-समय पर कैमरा लगाने के लिए प्रस्ताव बनाये जाते हैं, जिसे स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा जाता है। विधायक या अन्य किसी के माध्यम से अभी सीसीटीवी कैमरे लगाने संबंधी डिमांड नहीं आई है। मांग आएगी तो प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजेंगे।

-संतोष सिंह, एसएसपी रायपुर

#### विधायक निधी में कई कार्य शामिल पर सीसीटीवी कैमरा नहीं

विधायक निधी में विभिन्न कार्य शामिल हैं। इनमें सामुदायिक भवन, सड़क निर्माण, पुल-पुलिया का निर्माण, स्कूल कक्ष का निर्माण, एंबुलेंस क्रय, स्कूल खेल मैदान, पेजजल योजना, व्यायाम शाला सहित कई तरह के अन्य कार्य भी शामिल हैं। इन कार्यों के लिए विधायक द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांग पर विधायक निधी की राशि से स्वीकृति देकर इसका प्रस्ताव बनाकर जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को भेजकर अनुशंसा की जाती है, जिसे विभाग मंजूरी देता है, पर सीसीटीवी कैमरा खरीदी कार्य विधायक निधी की गाइड लाइन में नहीं है।

### प्रदेश में 3000 अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए, 8 महीने में 600 से अधिक रेप

# आखिर कितनी निर्भया चाहिए, श्रीनेत ने सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और सोशल मीडिया की राष्ट्रीय चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने महिला सुरक्षा मुद्दे पर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज इस देश में आधी आबादी के लिए कोई जगह भी नहीं बची है। आज पूरा देश सदमे में है। पश्चिम बंगाल में जो हुआ उसके साथ ही देशभर में जो हो रहा है, वो सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। आखिर उन्हें कितनी निर्भया चाहिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में चाहे रायगढ़ में सामूहिक रेप की घटना हो, रायपुर में बसस्टैंड में बलात्कार की घटना हो, कोंडागांव की घटना में 20-20 दिन तक एफआईआर नहीं लिखी जाती।



सरकारें क्या कर रही हैं। रायपुर के राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, छत्तीसगढ़ भी महिलाओं के लिए असुरक्षा से अछूता नहीं। रायपुर और भिलाई में दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में महिलाओं से ज्यादती के मामले सामने आए हैं। सरकार दुराचारी को बचाने में जुट जाती है। पीड़ित महिला को दर-दर भटकना पड़ता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले 8 महीने में 600 से अधिक रेप हुए हैं। प्रदेश में 3000 अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार हो रहे हैं। उन्होंने कहा, सरकार इन मामलों में पर्दा डालने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। आधी आबादी के साथ दुष्कर्म पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

#### श्रीनेत के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

सुप्रिया श्रीनेत के सरकार पर लगाए गए आरोपों पर भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, उन्हें कंगना रनौत के मंडी से चुनाव लड़ने को लेकर किए गए पोस्ट पर, राधिका खेड़ा के मसले पर, मनु शर्मा ने जो तंदूर कांड किया और जेसिका लाल हत्याकांड पर भी बयान देना चाहिए। सुप्रिया श्रीनेत को भूपेश बघेल सरकार के दौरान हुए महिलाओं पर अत्याचार नहीं दिखता। भूपेश सरकार में 6 महीने में 1294 रेप की घटनाएं हुई थीं और हमारी सरकार में 600 हुआ, तो सुप्रिया श्रीनेत और कांग्रेस पार्टी रुदन कर रही है। हमारी सरकार अपराध पर काबू कर रही है। सूखे नशे पर भी नकेल कस रहे हैं। भाजपा की सरकार महिलाओं को सम्मान देती है। उन्होंने कहा, अपराध की जड़ सट्टा और सूखा नशा है, इसको हमारी सरकार खत्म करेगी। महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 से 20 प्रतिशत की कमी आई है। कांग्रेस पार्टी अपने अपराधों को छिपाने के लिए आरोप लगाती है।

## खबर संक्षेप



### सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर दो दर्जन से ज्यादा लोगों से ठगी

**रायपुर ।** राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने अलग-अलग विभाग में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने के आरोप में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ठगी करने वालों ने धमतरी रोड स्थित प्रोग्रेसिव पाइंट में कार्यालय भी खोला था, जिसे पुलिस ने सील कर दिया है। पुलिस के मुताबिक ठगी करने के आरोप में अभनपुर निवासी भीष्म नारायण उर्फ स्वयं शर्मा, राजनांदगांव निवासी धनेश्वरी वर्मा उर्फ प्रीति शर्मा तथा खमतराई निवासी श्याम सुंदर राव को गिरफ्तार किया गया है। श्याम सुंदर शिक्षा विभाग का बर्खास्त कर्मचारी है। पुलिस के अनुसार जालसाज अपने आपको सरकारी अफसरों का करीबी बताकर लोगों को अपने झांसे में लेते थे और ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस के अनुसार जालसाज स्वयं शर्मा अपने आपको इंटक से जुड़ा नेता होने का झांसा देकर लोगों को नौकरी नहीं मिलने पर रकम वापसी की गारंटी देता था। जालसाजों ने रायपुर के साथ अन्य जिले के लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।

### जमीन बेचने से इंकार महिला के साथ मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ जमीन बेचने से इंकार करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, कटोरातालाब निवासी शगुफ्ता नसरीन ने मोहम्मद नईम के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शगुफ्ता ने पुलिस को बताया कि नईम उस पर जमीन बेचने दबाव बना रहा था, इंकार करने पर नईम ने उसके साथ मारपीट की।

## निधन

### कृष्ण कुमार यादव



रायपुर। टिकरापारा उमंग कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार यादव (75) का 2 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा श्मशानघाट में किया गया। वे नरेंद्र यादव, दिनेश, नरेश यादव के पिता थे।

### प्रवीण ठाकुर



**रायपुर।** अभिनंदन टॉवर भाठागांव निवासी सेवानिवृत्त उपसंचालक लोक अभियोजन प्रवीण ठाकुर (67) का 2 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिता ठाकुर के पति, श्रुति ठाकुर, रिचा ठाकुर के पिता, प्रदीप ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, पद्मा झा, सुषमा झा के भाई थे। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ मैथिल ब्राह्मण सभा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# थम नहीं रहा स्वाइन फ्लू, रोजाना सामने आ रहे दर्जनभर मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्दी-खांसी के लक्षण के बाद होने वाले स्वाइन फ्लू का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग जिलों में रोजाना दर्जनभर मामले सामने आ रहे हैं। राजधानी के एक शासकीय अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में काम करने वाले चिकित्सकीय स्टाफ तक संक्रमण फैल गया। एच1-एन1 के संक्रमण की वजह से राज्य में अब तक तीन सौ के करीब संक्रमित हो चुके हैं और दर्जनभर से ज्यादा की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मामले बिलासपुर जिले से संबंधित हैं।

सूत्रों के अनुसार लक्षण के आधार पर सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी स्वाइन फ्लू के करीब तीन सौ सैंपल लेकर जांच की जा रही है, जिसमें दर्जनभर से ज्यादा लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हो रही है। विभाग की ओर से इस संक्रमण की रोकथाम और उपचार के लिए अस्पतालों में अलर्ट जारी किया गया है और मरीजों के उपचार के लिए गाइडलाइन भी तय की गई है। राजधानी के दो बड़े शासकीय अस्पतालों के साथ निजी अस्पताल में रायपुर के साथ अन्य जिलों के मरीजों का इलाज चल रहा है। रायपुर जिले में अभी एक्टिव मरीजों की संख्या डेढ़ दर्जन के करीब है। सूत्रों अनुसार अस्पतालों में इलाज के लिए गाइडलाइन जारी की गई, जिसमें होने वाली चूक की वजह से अस्पताल स्टाफ भी संक्रमित होने लगा है। बड़े सरकारी अस्पताल के चिकित्सकीय स्टाफ का इलाज उसी अस्पताल में किया जा रहा है। राज्य में अब तक संक्रमितों की संख्या तीन सौ के करीब पहुंच चुकी है, जिसमें में दर्जनभर से ज्यादा की मौत हो गई चुकी है।

## आइसोलेशन वार्ड के चिकित्सकीय स्टाफ में भी फैला संक्रमण

### हर उम्र के लोग

रायपुर जिले में अब तक 75 लोगों को स्वाइन फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। जिले में संक्रमण के इस दौर में किसी की मृत्यु नहीं हुई है, मगर संक्रमित होने वालों में विभिन्न उम्र के लोग शामिल हैं। जिले में एक्टिव केस की संख्या 20 हो चुकी है। यहां 10 माह के बच्चे से लेकर 60 साल के बुजुर्ग और महिलाएं भी स्वाइन फ्लू की चपेट में आ चुके हैं। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के मुताबिक सरकारी के साथ निजी अस्पतालों को इस मामले में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।




### नियमित जांच

लक्षण के आधार पर लोगों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उनका इलाज प्रोटोकॉल के अनुसार किया जा रहा है। लोगों को भीड़ वाले इलाकों में सावधानी बरतने की जरूरत है।

*- डॉ. एसके पामभोई*
*संचालक, महामारी नियंत्रण*

## बसों और ट्रेन में यात्री लटककर सफर करने को मजबूर, सप्ताहभर नहीं सुधरेंगे हालात

# तीज पर्व से बसों व ट्रेन में लौटी भीड़, पहली बार कम दूरी के लिए भी बसों में एडवांस बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीज के नजदीक आते ही बड़ी संख्या में महिलाएं अब अपने घर की ओर लौटने लगी हैं, जिसके कारण बसों के साथ लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों में भी भीड़ बढ़ गई है। लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों से छत्तीसगढ़ के छोटे नगरों तक पहुंचना अब मुश्किल हो गया है। कुछ लोकल ट्रेन पटरियों के काम से रद्द चल रही हैं, जिसका असर बसों पर भी पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि चढ़ने के लिए जगह मिल पाना मुश्किल हो गया है। धक्का-मुक्की से बचने यात्री बस की ओर लौट रहे हैं, लेकिन यहां भी यात्रियों को राहत नहीं मिल रही।

हरिभूमि ने सोमवार को ट्रेनों और बसों में भीड़ का जायजा लिया। बस संचालकों का कहना है कि तीज का पर्व करीब पहुंचते ही बसों में भीड़ बढ़ती जा रही है। रायपुर से राजिम, धमतरी, गरियांबद के साथ महासमुंद और बलौदाबाजार समेत सरायपाली की बसों में महिलाएं ठसाठस भीड़ के बीच सफर कर रही हैं। बस संघ का कहना है कि दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव की ओर सुबह 10 बजे रायपुर आने वाली लोकल ट्रेन लगातार विलंब से चल रही है। समय पर दफ्तर पहुंचने के लिए अब यात्री बसों में सफर करने लगे हैं। इस वजह से सुबह के समय भीड़ बढ़ गई है। बसों में भीड़ का सिलसिला सप्ताहभर चलेगा। तीज से महिलाओं के लौटने के बाद भीड़ सामान्य होगी।

### 60 दिन में 80 लोकल ट्रेन रद्द

लोकल ट्रेन में 30 किलोमीटर तक सफर करने में मात्र 10 रुपए लगते हैं। वहीं बस में यात्रियों को 40 रुपए देने पड़ते हैं। यही कारण है कि ज्यादातर लोग लोकल ट्रेन में सफर करना पसंद करते हैं, लेकिन रेलवे लगातार एक्सप्रेस के साथ लोकल ट्रेनों को भी रद्द कर रहा है। जानकारी के मुताबिक दो महीने में 80 से अधिक लोकल ट्रेन रद्द हो चुकी हैं। दैनिक यात्री इस वजह से बसों में सफर करने लगे हैं। तीज पर्व करीब आने से बसों में यात्रियों का लोड एक बार फिर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। सड़कों पर चारपहिया व दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है।






### छोटी बसों में भी एडवांस में बुकिंग

आमतौर पर लंबी दूरी की बसों में ही एडवांस में बुकिंग होती है, लेकिन तीज पर घर जाने के लिए लोग एक दिन पहले से ही अपनी सीट बुकिंग करवा रहे हैं, ताकि बैठने के लिए सीट मिल सके। रायपुर से सरायपाली के भी चलने वाली बस के संचालक ने बताया कि बस में जो पहले आता है, सीट उन्हें मिलती है, लेकिन कुछ लोग एक दिन पहले बसस्टैंड पहुंचकर सीट बुकिंग करवा रहे हैं। पहली बार ऐसी स्थिति बनी है। दोपहर के समय बसों में भीड़ है, लेकिन सुबह और रात के समय बसस्टैंड से ही ओवरलोड बसों का संचालन हो रहा है। यात्री बसों के दरवाजे पर लटक कर यात्रा करने पर मजबूर हैं।



### जनरल कोच फिर हुए ठसाठस

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। सोमवार को डोंगरगढ़-बिलासपुर पैसेंजर में यात्रियों की ठसाठस भीड़ रही। इसके साथ एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही भीड़ दोगुना हो गई। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए जंग लड़ते नजर आए। कोच में खड़े होने की जगह नहीं होने के बाद भी यात्री चढ़ने का प्रयास करते रहे। उमस के बीच ठसाठस भरी बोगियों में यात्रियों को घुटन महसूस होने लगी।

# हरिभूमि रास गरबा : कमेटी की बैठक में निर्णय- मां अंबे की तीन दिन होगी महाआरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई बैठक

रायपुर शहर का सबसे पुराना और सबसे बड़े हरिभूमि रास गरबा कार्यक्रम होटल ग्रैंड इम्पीरिया में होने जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सभी ने अपने बहुमूल्य विचार रखे और कई निर्णय लिए, जिसमें पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा, तीन दिनों तक मां अम्बे की 108 महाआरती की जाएगी, केवल गरबा से संबंधित गीत ही चलाए जाएंगे, वन साइडेड वेलेट पार्किंग की व्यवस्था रखी जाएगी, सिक्योरिटी पहले से भी ज्यादा कड़ी रखी जाएगी, कोर कमेटी के सेवादार केवल यही सुनिश्चित करेंगे कि कहीं कोई अव्यवस्था न हो एवं माताओं-बहनों को कोई तकलीफ न हो, केवल पारंपरिक वेशभूषा में ही गरबा ग्राउंड में एंट्री दी जाएगी, पुरस्कार वितरण में पूर्णतः पारदर्शिता के लिए अलग टीम बनाई जाएगी, गरबा ग्राउंड के अंदर केवल उन्हें ही प्रवेश दिया जाएगा, जो गरबा करेंगे, अन्य कोई भी खड़ा नही रहेगा, पूर्णतः पारिवारिक कार्यक्रम रहेगा एवं प्रवेश केवल एंट्री पास पर मिलेगा, असामाजिक एवं मद्यपान वाले लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। कार्यक्रम के आयोजक अनिल जोतसिंघानी ने बताया कि कार्यक्रम के सह-आयोजक पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर महिला विंग एवं युवा विंग हैं।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में कोर कमेटी के सदस्य अशोक मुकीम, पार्षद आकाश तिवारी, नितिन कृष्णानी, बंटी जुमनानी, अजय जयसिंघानी, सतीश पमनानी, पंकज छिजवानी, सागर दुलानी, एडवोकेट स्मिता पांडे, एडवोकेट मोनिता साहू, अमर चांदनी, अनिल लाहोरी, राजू चंदनानी, हरमिंदर सिंह आदि सभी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### तीन ट्रेनों में विजिलेंस ...

कमाई भी बढ़ जाती है। विजिलेंस की टीम ने जोन में चलने वाली जिन ट्रेनों में जांच की, वह सभी लंबी दूरी की ट्रेन हैं। इन दिनों इसमें यात्रियों की भीड़ सबसे अधिक है। टीटीई के खिलाफ कार्रवाई की सूचना आग की तरह फैल गई। इससे अन्य टीटीई सतर्क हो गए। यही कारण है कि जब टीम ने दोबारा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की जांच की, तो कुछ नहीं मिला।

गौरतलब है, जोन में टीटीई की अवैध वसूली की शिकायत को रेलवे बोर्ड ने गंभीरता से लिया। इसके लिए चार सदस्यीय एक विशेष टीम बनाई गई, जो सीधे पहले कोलकाता पहुंची थी।

### हैदराबाद की नई फ्लाइट 23...

किया जाता है। सभी सेक्टरों में इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरती है। एयरलाइंस कंपनी द्वारा यात्रियों की संख्या को देखते हुए विमानों की संख्या घटाई या बढ़ाई जाती है। 23 सितंबर से विमानन कंपनी ने रायपुर-हैदराबाद के बीच नियमित उड़ान का संचालन करने का फैसला लिया है। दोनों शहरों के बीच अभी रोजाना दो उड़ान आवाजाही करती है, जिसमें काफी संख्या में यात्री रहते हैं। यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा तीसरी फ्लाइट की घोषणा की जा चुकी है।

इस एयरक्राफ्ट के आने के बाद दोनों शहरों के बीच हवाई सफर के लिए अतिरिक्त रूप से 172 सीट की सुविधा मिलेगी। अभी ऑफ सीजन होने के बाद भी इस सेक्टर में यात्रियों को दोनों ओर से सफर करने के लिए आठ से दस हजार रुपए तक किराया देना पड़ता है। उड़ान की संख्या बढ़ने पर एयर फेयर में दो से तीन हजार रुपए का फर्क आने की संभावना है। तीसरी फ्लाइट का संचालन किए जाने के बाद दुर्गा पूजा और दिवाली की छुट्टियों पर घर आने वाले यात्रियों को भी किराए में राहत मिलने की संभावना है।

### टेक्नो पार्टी में रेव का आरोप...

आयोजन किया था। इसे लेकर अलग-अलग संगठन से जुड़े सौ से ज्यादा कार्यकर्ता रेव पार्टी होने का आरोप लगाते हुए पार्टी में घुस आए और लोगों के साथ बदसलूकी करते हुए उन्हें पार्टी से बाहर जाने मजबूर किया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस टीम भी पहुंची, लेकिन हंगामा रोकने में पुलिस भी नाकाम रही। मैनेजर के मुताबिक टेक्नो पार्टी आयोजित करने आबकारी विभाग से शराब परोसने लाइसेंस लेने के साथ प्रशासन से अनुमति ली गई थी।

### करोड़ों की जमीन कब्जाने की...

की कोशिश की गई थी। इस मामले लिखित शिकायत पेंशनबाड़ा निवासी लखन किलेकर ने की है। वे भूमि स्वामी महिला कमलेश जैन पति सुभाष जैन के कर्मचारी हैं। वे इस जमीन की देखरेख का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले की लिखित शिकायत मंदिर हसौद थाने, पुलिस अधीक्षक, एसपी से लेकर आईजी तक कर चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर नहीं की है।

# तगड़ी कार्रवाई के दावों के बाद भी बेखौफ बदमाश, चाकूबाजी के साथ कर रहे लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मामूली विवाद पर नाबालिग ने पड़ोसी को मारा चाकू

शहर में अमन कायम रखने बदमाशों के खिलाफ पुलिस एक तरफ तगड़ी कार्रवाई करने दावा कर रही है, दूसरी तरफ बदमाश पुलिस के दावों के बीच लगातार आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। बदमाश चाकू की नोक पर लूट के साथ ही मामली विवाद पर चाकू चला रहे हैं। साथ ही बदमाश इलाके में दबदबा कायम रखने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर खमतराई, गुढ़ियारी, देवेंद्र नगर, सरस्वती नगर, टिकरापारा तथा पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में चाकूबाजी तथा लूट की आधा दर्जन घटनाएं सामने आई हैं।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में कार का हार्न बजाने के विवाद पर तीन लोगों ने मिलकर कार में जा रहे दो लोगों की आंखों में मिर्च पावडर डालकर उनके साथ लूट, मारपीट तथा कार में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। एक अन्य मामले में टिकरापारा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर एक नाबालिग ने अपने पड़ोसी की जांघ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया है।



### आक्रोषित लोगों ने थाने का घेराव किया

घटना के बाद पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि संकल्प ने जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, उन लोगों के खिलाफ स्थानीय रहवासियों ने मादक पदार्थ खरीदी-बिक्री करने का आरोप लगाया है।

### आंख में मिर्च पावडर डालकर लूट

पुरानी बस्ती थाना में खोखो पारा निवासी संकल्प वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वो वालफोर्ट सिटी से अपने मामा संतोष के साथ कार से जा रहा था। बंधवापारा के पास भीड़ होने पर उसने कार का हार्न बजाया। इस बात से नाराज होकर मौके पर खड़ा बाबू नामक युवक नाराज हो गया और वो उन लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए अपनी बहन मुस्सू, छोटी तथा जीजा जावेद को घर से बुला लाया। उसके बाद उनकी आंख में मिर्च पावडर डालकर लाठी डंडे से पिटाई करते हुए दोनों के गले से सोने की चेन के साथ कैश 10 हजार रुपए लूट लिए और कार का शीशा तोड़ दिया। पुलिस घटना में शामिल दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मारपीट की घटना में संतोष का हाथ फ्रैक्चर हो गया है।

### मामूली विवाद पर पड़ोसी पर चाकू से हमला

एक अन्य मामले में टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना निवासी आशू यादव ने अपने पड़ोसी नाबालिग के खिलाफ चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चाकूबाजी की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार आशू तथा नाबालिग के परिवार के मध्य आपसी रंजिश के कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। किसी बात को लेकर नाबालिग का आशू के परिवार के साथ विवाद हुआ। इस बात से नाराज होकर नाबालिग ने आशू की जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने नाबालिग को पकड़ लिया है।

### एक सप्ताह के भीतर आधा दर्जन से ज्यादा वारदात

बदमाशों ने एक सप्ताह के भीतर चाकूबाजी तथा लूट की आधा दर्जन से ज्यादा घटनाओं को अंजाम दिया है। सोमवार तड़के साढ़े चार बजे तेलीबांधा के वीआईपी रोड पर मार्निंग वाक पर निकले मोहम्मद जाहिद पर बाइक सवार अज्ञात तीन बदमाशों ने चाकू से वार कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। इसी तरह से पिछले दिनों देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शराब दुकान के पास शराब खरीदने गए दो लोगों पर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर बदमाश ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में ऑटो का इंतजार कर रहे युवक के साथ चार बदमाशों ने मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

**आम सूचना**
(वाके मौजा मोवा, खसरा नं.- 654/8 एवं 927/8 रकबा-0.405 हेक्टे. अर्थात एक एकड़ के संबंध में वीरेन्द्र पाल रायजादा के द्वारा कपटपूर्वक डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी करवाये जाने के संबंध में)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत भूमि की असल ऋण पुस्तिका मेरे पक्षकार देशपाल रायजादा के पास इकरारनामा दिनांक- 12/09/2005 के माध्यम से प्राप्त कर सुरक्षित है। वीरेन्द्र पाल रायजादा के द्वारा श्रीमान न्यायालय तहसीलदार महोदय के समक्ष डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु तथ्यों को छुपाकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था उक्त आवेदन दिनांक-22/11/2022 को निरस्त कर दिया गया था, जिसकी अपील न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत की गई थी, उक्त अपील में भी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा यह टिप्पणी की गई कि "मूल ऋण पुस्तिका के अस्तित्व में रहते हुये द्वितीय ऋण पुस्तिका / डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी किया जाना विधि सम्मत एवं न्यायसंगत नहीं है।"

वीरेन्द्र पाल रायजादा के द्वारा उपरोक्त दर्शित भूमि को यह जानते हुये कि उपरोक्त दर्शित भूमि का इकरारनामा उनके भाई देशपाल रायजादा के साथ पूर्व में किया जा चुका है और सम्पूर्ण प्रतिफल की राशि भी प्राप्त की जा चुकी है तथा उक्त भूमि का असल दस्तावेज एवं कब्जा भी प्रदान किया जा चुका है, उसके पश्चात भी उक्त भूमि को किसी अन्य को विक्रय किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप मेरे पक्षकार श्री देशपाल रायजादा के द्वारा व्यवहार न्यायालय में संविदा के अनुपालन हेतु दावा प्रस्तुत किया है जिसमें वीरेन्द्र पाल रायजादा उपस्थित हो चुके हैं और उक्त वाद वर्तमान में लंबित है।

वीरेन्द्र पाल रायजादा के द्वारा कपटपूर्वक प्राप्त डुप्लीकेट पुस्तिका के आधार पर उपरोक्त दर्शित भूमि किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं, कपटपूर्वक प्राप्त ऋण पुस्तिका के संबंध में जब श्रीमान तहसीलदार रायपुर को अवगत कराया गया तो उन्होंने तत्काल उपरोक्त दर्शित भूमि का पंजीयन की कार्यवाही न किये जाने बाबत् मुख्यालय उप पंजीयक पंजीयन कार्यालय रायपुर को दिनांक 30/08/2024 को ज्ञापन जारी किया है।

अतः आम जनता को उक्त आम सूचना के माध्यम से अगाह किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित भूमि कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय उसे क्रय न करे अन्यथा होने वाले परिणामों के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे और उन्हे उक्त भूमि में कोई स्वत्व या आधिपत्य प्राप्त नहीं होगा।

सो सूचना जानें।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 31.8.24

एस.पी. उपाध्याय
अधिवक्ता
कार्यालय - 58, एच. आई.जी., सेक्टर-1, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.-9424201060, 9827160027

**न्यायालय : प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**
प्रो. क्र. - 1985, प्र. क्र. - 352/24
पे. ता. - 15.10.2024, धारा-13 हि.वि.अधि.
आवेदक/आवेदिका- आकाश माधवानी
बनाम
अनावेदक/अनावेदिका- तान्या टहिल्यानी
प्रति,
अनावेदक/अनावेदिका- तान्या टहिल्यानी
निवासी पता-उम्र 29 वर्ष, पिता श्री कमल टहिल्यानी, पता-सिग्नेचर होम, मेग्नेटो मॉल, पो. रविग्राम, थाना-तेलीबांधा, तह. व जिला रायपुर छ.ग.

उपरोक्त आवेदक / आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 13 हि.वि.अधि. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 15.10.2024 को दिन 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य / दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 15.10.2024 को प्रस्तुत कर सकते है ।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 30 माह 08 सन 2024 को जारी किया गया।
स्थान रायपुर
दिनांक - 30/08/2024

मुहर
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा भूमिस्वामी मो. शौकत अली, मोहम्मद कादीर, मोहम्मद रफीक अशरफी, मो. ईस्माईल, मो. मुनव्वर हुसैन, समीम बेगम, सलमा उर्फ सलीमा बेगम पिसरान कासम अली सभी निवासी केवशी पारा आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम बैहार (आरंग शहर) प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 180, 181 रकबा क्रमशः 0.560 हे., 0.380 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.940 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय या परिवार के किसी भी सदस्यो को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।
स्थान- अभनपुर
दिनांक :- 02/09/2024

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा अधिवक्ता
अभनपुर, मो.नं. 9893906809

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनंजय बाघ (DHANANJAY BAGH) आत्मज श्री विद्या बाघ (VIDYA BAGH) उम्र-18 वर्ष वर्तमान निवासी ग्राम पंचायत जुलुम, टन्टुबाड़ी, तहसील अभनपुर रायपुर (छ.ग.) किन्तु मुल निवासी ग्राम रहेनभाठा थाना टिटिलागढ़ ओडिशा का हु, यह मेरा तथा मेरा पिता का वास्तविक नाम धनंजय बाग (DHANANJAY BAG) बिद्या बाग (BIDYA BAG) है जो कि मेरा आधार कार्ड नं. 6464 6499 7268, पैनकार्ड तथा बैंक रिकार्ड में दर्ज है, किन्तु मेरे दाखिल पंजी व शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में धनंजय बाघ दर्ज है। जिसे परिवर्तन कर वास्तविक नाम को दर्ज कराने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हुं।

अतः अब मुझे धनंजय बाग (DHANANJAY BAG) आत्मज श्री बिद्या बाग (BIDYA BAG) के नाम से पुकारा व दर्ज किया जाये।

पुराना नामः- धनंजय बाघ (DHANANJAY BAG) पिता विद्या बाघ (VIDYA BAGH)
नया नामः- धनंजय बाग (DHANANJAY BAG) बिद्या बाग (BIDYA BAG)

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक से स्कूटी लूटकर तीन बदमाश फरार

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक युवक ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर स्कूटी लूटकर भागने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, पेशे से रसोइया गोपाल दास ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह रोहिणीपुरम में अपने मालिक के घर खाना बनाकर लौट रहा था। रास्ते में तीन अज्ञात बदमाश मिले, तीनों ने उस पर गाड़ी ठीक से नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। इसके बाद बदमाश गोपाल दास की स्कूटी लूट मौके से फरार हो गए।

### होटल-ढाबा में पुलिस की दबिश आठ के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संचालित होटल, ढाबों में देर रात तक शराब परोसे जाने की सूचना पर पुलिस ने रविवार देर रात विधानसभा तथा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के आठ होटल, ढाबा, क्लब में छापे की कार्रवाई करते हुए शराब जब्त की है।

### संतोष पटेल आत्महत्या मामले में कांग्रेस जांच दल पहुंचा दोंदेकला



**रायपुर।** भाजपा नेता संतोष पटेल की आत्महत्या के मामले में कांग्रेस जांच दल दोंदेकला पहुंचा, जहां उन्होंने मृतक के परिजनों एवं पटेल मरार समाज के पदाधिकारियों से चर्चा की। साथ ही मरार पटेल समाजजनों की मांग पर मृतक के परिवार को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 50 लाख मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं मृतक के परिजनों को तत्काल ही पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने जाने की बात कही। पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने कहा कि सरकार मृतक के परिजनों की मांग पूरी नहीं करेगी तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# 2500 छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शहर में मात्र 1 कुंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में गणेशोत्सव के मौके पर छोटी-बड़ी करीब 2500 गणेश मूर्तियों के विसर्जन करने मात्र एक विसर्जन कुंड है। बाकी जगहों पर नगर निगम प्रशासन प्लास्टिक के ड्रम रखकर अस्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था कर खानापूर्ति कर रहा है, जो एनजीटी के निर्देशों की अवहेलना है।

हरिभूमि सरोकार

मूर्तियों के लिए महादेवघाट में विसर्जन कुंड प्रक्रिया आज भी अधूरी है। कलरफुल पानी की निकासी नदी में न कर सिंचाई के लिए इसका उपयोग करने दूसरी लाइन बनाई जानी है, पर इसे वापस नदी में छोड़ा जा रहा है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान निकले सील्ट का उपयोग गार्डन में करना है, पर ऐसा न करके खारुन नदी के किनारे इसे छोड़ा जाता है। नियमों की इस अनदेखी को लेकर सामाजिक संस्था हमर संगवारी एनजीटी जाने वाली है। रायपुर के महादवेघाट के पास स्थित नगर निगम के इकलौते विसर्जन कुंड में हर बार की तरह इस बार भी शहरभर में स्थापित छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लायी जायेंगी।

नगर निगम प्रशासन इस बार भी शहर में अलग-अलग जगहों पर स्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था नहीं कर पाया है, जबकि एक साथ बड़ी संख्या में छोटी-बड़ी मूर्तियों के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक मूर्तियों के लिए बनी कुंड प्रक्रिया आज भी अधूरी है। जानकारों का कहना है, विसर्जन कुंड नॉर्म्स के विपरीत है। नदी को पाटकर विसर्जन कुंड नहीं बनाया जा सकता। केमिकल युक्त रंगीन पानी नदी में नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इससे जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे दूषित पानी को नदी के बाहर सुरक्षित जगह पर छोड़ा जाये।

## एनजीटी के मापदंड की हो रही अनदेखी

### न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए

सामाजिक कार्यकर्ता राकेश चौबे का कहना है, विसर्जन कुंड के संबंध में दायर याचिका के कारण 19 मई 2013 को एनजीटी ने फैसला दिया था, जिसमें कहा गया कि सालभर के भीतर विसर्जन कुंड के निर्माण में दिये सारे मापदंड को पूरा किया जाये, पर 14 साल में भी नॉर्म्स पूरा नहीं किया गया। इस मामले में न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए, नहीं तो एक याचिका हमर संगवारी संस्था लगाने की तैयारी में है।



*प्रदूषण के साथ जलीय जीवों को खतरा : नदी, तालाब में प्रतिमा विसर्जन नहीं होना चाहिए। इससे जल प्रदूषण के साथ ही जलीय वनस्पति को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। इसके साथ ही पानी में तैरने वाले जीवों को खतरा रहता है। शहर में खारून नदी तट पर बने विसर्जन कुंड के अलावा बूढ़ातालाब सहित अन्य स्थानों पर विसर्जन कुंड की स्थायी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। - विपिन दुबे, भूजल वैज्ञानिक*

### एनजीटी ने ये कहा था

- मूर्तियों की ऊंचाई 5 फीट से अधिक न हो।
- मूर्तियों के साथ अन्य सामग्री जैसे फूल आदि को ट्रिश साइड अलग-अलग कर ले जाने की व्यवस्था बनाई जाये।
- प्रतिबंधित रंगों को इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।
- प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं में प्रतिबंध
- मूर्तियों के बिक्री स्टॉलों का निरीक्षण होना चाहिए, साथ ही बिक्री नंबर भी आवंटित हो।
- विसर्जन के समय फोटोग्राफी कराई जाये।

## सुदर्शन संस्थानम में मनाया हरितालिका पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती द्वारा संस्थापित सुदर्शन संस्थानम में हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बिरगांव, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, महासमुंद, भाटापारा, कवर्धा, बिलासपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आनंद वाहिनी के सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गुरु वंदना और हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। इसके बाद, धनेली, बिरगांव के स्कूलों से आए बच्चों ने शिव तांडव, सुआ नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। यही नहीं, उन्होंने पर पर्यावरण परआधारित नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हरितालिका महोत्सव में शामिल महिलाओं को साड़ी उपहार स्वरूप भेंट की गई।

आनन्द वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय संयोजिका सीमा तिवारी, जिला अध्यक्ष रंजीता शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने भी संस्था के प्रकल्पों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में धरसीवा की पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, विजया पाठक, भोपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### श्रीराम सब्जी मंडी डूमरतराई के बाहर किया प्रदर्शन

# वर्धमान नगर के रहवासी सड़क पर उतरे सड़ी-गली सब्जियां फेंकने से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वर्धमान नगर के रहवासियों ने सोमवार को श्रीराम सब्जी मंडी डूमरतराई के बाहर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इसमें पुरुषों के साथ महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हुए। रहवासी कालोनी के रास्ते पर अवैध पार्किंग, अवैध कब्जा और सड़क किनारे सड़ी गली सब्जियां फेंकने से हो रही गंदगी और बदबू से रहवासी परेशान हैं। इसके विरोध में उन्होंने हाथों में तख्तियां लिए निगम प्रशासन के विरोध में नारे लगाये।

रहवासियों का कहना है सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक सब्जियों से भरे ट्रक, मेटाडोर, छोटा हाथी और आटो वर्धमान नगर से हिमालयन हाईट्स तक अवैध रूप से पार्क किये जाते हैं और सड़ी-गली सब्जियां फेंकने से उनकी बदबू घरों तक आती है। इसकी शिकायत रहवासियों ने पूर्व में जिला कलेक्टर, एसपी और नगर निगम के आला अधिकारियों से भी की, पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इससे इलाके के लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कत होती है। इनके ड्राइवर, कंडक्टर वहीं अवैध रूप से शराब, गांजा पीकर माहौल खराब करते हैं। यही नहीं, आपसी मारपीट कर अशांति फैलाते हैं, इससे खासकर महिलाओं की सुरक्षा पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने जिला कलेक्टर को भी पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि अव्यवस्थित पार्किंग से वर्धमान नगर कालोनी के स्कूली बच्चों तथा महिलाओं को आने-जाने में बेहद परेशानी होती है। कई स्कूलों के बस चालक स्कूली बच्चों को ले जाने के लिए कालोनी नहीं जाना चाहते। इसीलिए इस पर तत्काल ठोस कार्रवाई की जाये।



- सब्जियों से भरे ट्रक, मेटाडोर वर्धमान नगर से हिमालयन हाईट्स तक अवैध रूप से पार्क

### अवैध पार्किंग से होती है दिक्कत

वर्धमान नगर विकास समिति के सदस्यों का कहना है कि कालोनी में रास्ते में अवैध पार्किंग और चौक के पास सरकारी रोड पर अवैध कब्जा पर नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किये जाने के विरोध में रविवार सुबह सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। रहवासियों ने चेतावनी दी है, एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई, तो कालोनीवासी नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर विरोध जताएंगे। बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित वर्धमान नगर के रहवासियों को हो रही परेशानी को दूर करने पूर्व पार्षद लक्ष्मी-हीरेन्द्र देवांगन ने निगम आयुक्त से मांग की है।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए छग से भी दावेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूथ कांग्रेस का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? इसका फैसला राहुल गांधी को करना है। अध्यक्ष पद के लिए जिन नेताओं को शॉर्टलिस्ट किया गया है, उसमें छत्तीसगढ़ के दो युवा नेता शामिल हैं। इनमें सरगुजा की शशि सिंह कोराम और दुर्ग के मोहम्मद अहमद शामिल हैं। दोनों नेता कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हैं। सोमवार को दिल्ली में उनका साक्षत्कार राहुल गांधी, एआईसीसी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल और उनकी टीम ने लिया। सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार का इंटरव्यू के बाद फैसला किया जाएगा कि अध्यक्ष कौन होगा। देशभर से 7 नेताओं के नाम इस पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए हैं।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए जिन लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, उनमें राजस्थान के अभिमन्यू पूनिया, एमपी के मितेंद्र सिंह, बिहार यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, हरियाण यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धि राजा, छत्तीसगढ़ से शशि सिंह कोराम और मोहम्मद शाहिद। युवा कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 35 साल उम्र के युवा कांग्रेस नेताओं को बुलाया गया है। सेलेक्शन कमेटी में राहुल गांधी सहित उनकी पूरी टीम ने साक्षत्कार में इन उम्मीदवारों की संगठन क्षमता और युवाओं को किस तरह से पार्टी से जोड़ेंगे, इस पर उनकी राय जानी।

### सरगुजा लोकसभा का लड़ा चुनाव

सरगुजा लोकसभा सीट से चिंतामणि महाराज के खिलाफ सांसद का चुनाव शशि सिंह ने लड़ा था। सरगुजा की शशि सिंह का नाम देश के 8 युवा कांग्रेस नेताओं की रेस में शामिल है, जो युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दावेदार हैं।

## बिजनेस साइट

### कलिंगा विश्वविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**रायपुर।** भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के सम्मान में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' घोषित किया। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की मान्यता और भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों की संभावनाओं को उजागर करना है। इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के विज्ञान संकाय ने एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीकांत चावरे ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्रोफेसर डॉ. सोहिनी भट्टाचार्य द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस-2024 के कार्यक्रम ने छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान में कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी और उन्हें इस रोमांचक क्षेत्र में अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के प्रमुख सदस्य जैसे डॉ. आर. जयकुमार, डॉ. जीवीवीजे राव, डॉ. अविनाश सिंह, डॉ. गोपेश्वर धर द्विवेदी, साध्वी सुमन दाश और अन्य उपस्थित थे।



### बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



**रायपुर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार बैंक ऑफ बड़ौदा के रायपुर अंचल ने राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 का आयोजन 26 से 31 अगस्त तक किया। इस दौरान फुटबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर और स्किपिंग रोप जैसे खेलों का आयोजन किया गया। कर्मचारियों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह, उप महाप्रबंधक व्यवसाय विकास भरतकुमार चावड़ा, उप महाप्रबंधक-अनुपालन एवं आश्वासन डॉ. रमेश कुमार मोहंती, क्षेत्रीय प्रमुख रायपुर क्षेत्र किसलय प्रसाद और उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव सहित अंचल, क्षेत्रीय कार्यालय और शाखा के स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### रायपुर के पहले सीएनजी स्टेशन का हुआ उद्घाटन



**रायपुर।** शहर के पहले सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन साईं बाबा फिलिंग स्टेशन (एचपी आउटलेट), लोधीपारा चौक पंडरी में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में अग्रवाल ने रायपुर शहर और जिले में ईंधन का सस्ता और प्रदूषण रहित विकल्प उपलब्ध होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक नितिन श्रीवास्तव, सरोज लेंका, संदीप कुमार और पार्षद प्रमोद साहू के साथ-साथ डीलर अनिल दुबे, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नवनीत चावला, अभय पारख, बॉबी कश्यप और नीरज शर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बारनवापारा के प्रवासी बाघ के लिए वन अफसरों की आज होगी बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारनवापारा अभयारण्य में प्रवासी बाघ के आने को लेकर वन अफसर बाघ के सोनाबेड़ा, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के रास्ते आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। अभयारण्य में बाघ पिछले छह महीने से रह रहा है। बाघ के इतने लंबे अंतराल तक यहां रहने से एक्सपर्ट बाघ के यहां स्थायी रूप से रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। बारनवापारा में वर्तमान में जो बाघ विचरण कर रहा है, वह वयस्क है। इसके चलते बाघ के लिए जल्द साथी की तलाश करना जरूरी है। बाघ के यहां स्थायी रूप से रहने की संभावना को देखते हुए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल वन अफसर तथा बाघ एक्सपर्ट के साथ मंगलवार को एक बड़ी बैठक करने जा रहे हैं। बैठक में बाघ के भविष्य को लेकर चर्चा की जाएगी।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

वन अफसरों के मुताबिक बाघ के लिए साथी की तलाश की जा रही है। सितंबर के बाद बाघिन की तलाश और तेज की जाएगी। बाघ जिस क्षेत्र में रह रहा है, एनटीसीए की गाइड लाइन के मुताबिक उस एसओपी का पालन करने की बात वन अफसर कह रहे हैं। बाघ की मॉनिटरिंग करने सौ से ज्यादा ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही बाघ को किसी भी तरह से नुकसान न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाने की बात वन अफसर कह रहे हैं।



- दो मादा बाघ लाने सीसीएफ ने अनुशंसा की
- एक्सपर्ट का दावा- बाघ के लिए पर्याप्त शिकार और पूरी तरह से सुरक्षित

### दो बाघिन लाने की है योजना

बाघ के स्थायी रूप से रहने की संभावना को देखते हुए सीसीएफ विश्वेस कुमार ने पीसीसीएफ सुधीर अग्रवाल को बारनवापारा में दो बाघिन लाने प्रस्ताव भेजा है। वन अफसर उस प्रस्ताव पर भी बैठक में चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि टाइगर एक्सपर्ट डॉ. बिलाल हबीब ने पूर्व की बैठक में वन अफसरों को बताया था कि बारिश के समय जब ग्रास लैंड बढ़ जाता है, उस स्थिति में बाघ यहीं रहता है, तो उस स्थिति में बाघ के लौटने की संभावना कम है।

### तड़ोबा, कान्हा से बाघिन लाने की योजना

वन अफसरों के अनुसार बाघ के लिए महाराष्ट्र स्थित तड़ोबा या मध्यप्रदेश, कान्हा टाइगर रिजर्व से बाघिन लाने की योजना है। अफसरों के अनुसार इस पर जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बाघिन लाने का निर्णय लिए जाने के बाद एक टीम संबंधित टाइगर रिजर्व जाकर बाघिन का चयन करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों को बनाया जा रहा ट्रैकर

बाघ के मूवमेंट पर नजर रखने वन अफसरों द्वारा बारनवापारा से सटे आसपास के गांव के दस युवाओं को बाघ ट्रैक करने प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही चारवाहों को बाघ के लोकेशन के बारे में जानकारी जुटाने ट्रेंड किया जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को बाघ को किसी भी तरह से नुकसान न हो इसके लिए जागरूक किया जा रहा है।

## जीएमसी में भर्ती के लिए देना पड़ रहा 25 लाख का बांड, विरोध भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


- पढ़ाई के दो साल सेवा के लिए कराया जाता है अनुबंध
- विरोध करने वालों का तर्क- गरीब परिवार के लिए मुश्किल

शासकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की भर्ती के लिए 25 लाख के बांड का विरोध शुरू हो गया है। तर्क दिया जा रहा है कि इतनी बड़ी राशि के अनुबंध की वजह से गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई प्रारंभ करने में मुश्किल होने लगी है। शासन द्वारा पढ़ाई पूरी करने के लिए ग्रामीण इलाकों में दो साल की सेवा को पूरा करने के लिए बतौर गारंटी यह अनुबंध कराया जाता है।

राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों में यूजी के एडमिशन के लिए दस्तावेजों की जांच के साथ एडमिशन का तीसरा दिन था। जिन्हें शासकीय कालेजों का आवंटन हुआ है, वे छात्र अपने परिजनों के साथ संबंधित संस्थानों में जाकर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें अन्य दस्तावेजों के साथ 25 लाख का बांड भी प्रस्तुत करना पड़ रहा है। इतनी बड़ी राशि का अनुबंध पत्र तैयार करने के लिए छात्रों को जिलाधीश कार्यालय और तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में यूजी छात्रों को 6 लाख रुपए अथवा उतनी लागत की संपत्ति का अनुबंध करना पड़ता था। उस दौरान बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुबंध सेवा का पालन नहीं करते थे। शासन ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और वर्ष 2014 में बांड राशि को बढ़ाकर 25 लाख किया था। उस दौरान भी अनुबंध राशि बढ़ाने का काफी विरोध शुरू हुआ था। अभी भी यह तर्क दिया जा रहा है कि मध्य वर्गीय परिवार के लिए इतनी बड़ी राशि अथवा संपत्ति बांड के रूप में जमा करना काफी मुश्किल होता है।

### नियम केवल छत्तीसगढ़ में

यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के डॉक्टर हीरा सिंह ने बताया कि बांड अवधि का नियम तोड़ने वालों के लिए सख्ती करने बनाया गया है। यह नियम केवल छत्तीसगढ़ में लागू है, जिसका असर ग्रामीण इलाकों में रहने वालों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। बांड के लिए इतनी बड़ी रकम अथवा संपत्ति की व्यवस्था करना हर परिवार के लिए संभव नहीं है।




## तेज धूप के साथ भारी गर्मी, मानसून गतिविधि में पांच के बाद वृद्धि के आसार

- कमजोर हो चुका मानसून, अब बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेज धूप के साथ भारी गर्मी ने हलाकान कर दिया है। उमस भरी गर्मी से परेशान शहर के लोग अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अनुमान है कि मानसून की गतिविधि में पांच सितंबर के बाद वृद्धि होने के आसार हैं। अभी शहर का तापमान 33 डिग्री से ऊपर हो चुका है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार शहर में अच्छी बारिश को काफी दिन बीत चुका है। यहां बादल तो छा रहे हैं, मगर वह जोरदार तरीके से नहीं बरस रहे हैं। रविवार की रात शहर में कुछ देर हल्की बूंदाबांदी हुई, जिसका बड़ा असर मौसम पर नहीं हुआ। आज सुबह से फिर आसमान साफ होने की वजह से सूरज की तेज गर्मी ने बेचैनी बढ़ा दी और इसके प्रभाव से लोगों ने काफी गर्मी महसूस की। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री दर्ज किया। दिनभर कड़ी धूप के बाद दोपहर होते ही काले बादल तो छाए, मगर बरसने की स्थिति नहीं बन पाई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, रायसेन, छिंदवाड़ा, अवदाब के केंद्र, मछलीपट्टनम और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व- मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। यह अपनी सामान्य स्थिति से काफी नीचे है, जिसकी वजह से यह बारिश की स्थिति नहीं बन पा रही है।

### 1980 में दर्ज है रिकार्ड

रायपुर जिले 1980 के दौरान 776.9 मिमी. मासिक बारिश हुई थी। इसी साल 19 सितंबर को 24 घंटे में 196 मिमी. सर्वाधिक वर्षा हुई था। जिले में 1899 को अधिकम तापमान 37 डिग्री तक पहुंचा था।




### तिरुपति धार्मिक यात्रा के संचालक विनोद का सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की ओर से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय आडिटोरियम रायपुर में व्यापारियों का सम्मेलन एव सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया था। इस कार्यक्रम में ( तिरुपति धार्मिक यात्रा) के संचालक विनोद कुमार रात्रे को भी विशेष रूप से मंत्री लखनलाल देवांगन और टंकराम वर्मा ने सम्मानित किया। छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के हमर व्यापारी_हमर संगवारी छत्तीसगढ़िया व्यापारी भाइयों के बहुत ही उत्साह और आत्मबल बढ़ाने के लिए आयोजन को रखा गया था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग संघ के अध्यक्ष शेखर वर्मा के अलावा विधायक मोतीलाल साहू, इन्द्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, सच्चिदानंद शुक्ला, कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी शैलेन्द्र पटेल आदि शमिल थे।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**



02

नंदगांव में श्रीकृष्ण-लीला की झांकी....



## सिटी इवेंट

# विज्ञान की जटिलताओं और चमत्कारों पर छात्रों ने की चर्चा




**रायपुर।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर, कलिंगा विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय ने इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के मूल विज्ञान केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीकांत चावरे ने विशेष अतिथि व्याख्यान दिया। विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सोहिनी भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण दिया और उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. चावरे ने इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता और संसाधन व्यक्ति दोनों के रूप में कार्य किया। उनके व्याख्यान में अंतरिक्ष अन्वेषण के विभिन्न पहलुओं, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास और भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

### युवा वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का उत्सव, विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों में विज्ञान, विशेषकर रसायन विज्ञान और भौतिकी के क्षेत्र में गहरी रुचि पैदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा था। इस कार्यक्रम ने छात्रों को समकालीन वैज्ञानिक मुद्दों और प्रगति से जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे उनकी शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को और अधिक प्रेरणा मिली। डॉ. चावरे ने अंतरिक्ष अनुसंधान को आगे बढ़ाने में अंतःविषयक सहयोग के महत्व और अंतरिक्ष अन्वेषण के भविष्य को आकार देने में युवा वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## लाइव इवेंट

# बॉलीवुड गीतों पर लगाए ठुमके तीज व सावन गीतों ने बांधा समां



**रायपुर।** आदर्शिनी महिला मंडल छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की ओर से डगनिया के क्लब भवन में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभा पांडे ने गणेश वंदना के साथ उत्सव की शुरुआत की, जिसमें बाद आभा चौकसे व साथियों ने बरसो रे मेघा..,ममता खंडेलवाल व साथियों ने माथे साजे बोरलो.., पूर्वा श्रीवास्तव, प्रीति साहू व साथियों ने ढाई शाम रोक लई..., और मंजू नेताम व साथियों ने बलम सामे.., यामिनी मोदी व साथियों ने जुबी डूबी जुबी डूबी.., गाने पर जमकर डांस किया। मनमोहक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांधे रखा।

### सावन और तीज गीतों की प्रस्तुति

कार्यक्रम में आभा शुक्ला, अंजलि चंद्रा, दिव्या पत्रीकर, अनुराधा मुखर्जी ने सावन और तीज गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान सावन क्वीन प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें माधुरी निगम प्रथम व अनिता टिकरिहा द्वितीय रहीं। अंत में अध्यक्ष श्रीमती कटियार ने 75 पौधे बांट कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। अध्यक्ष मंजुला सिंह ने मौसमी बीमारियों से सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रिया चौहान, प्रवीणा बापट, प्रशांति मूर्ति, वंदना खंडेलवाल, अमिता जैन, पूनम विश्वकर्मा आदि कमेटी की सदस्य उपस्थित थीं।



### बैल सजाओ और दौड़ स्पर्धा में उमड़ी भीड़, मठपुरैना के किसान ने जीती प्रतियोगिता

# 'जय-वीरू' की रफ्तार ने चौंकाया

**रायपुर।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को पोरा पर्व की धूम देखने को मिली, जहां किसान अपने बैल व गायों की पूजा करते नजर आए। राजधानी में भी पोरा पर्व पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में दर्शक उमड़े। भाठागाव मैदान में बीते 15 वर्षों से पोरा पर्व पर बैल दौड़ प्रतियोगिता रखी जाती है। जहां आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के किसान शामिल होते हैं। इस दौरान आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल बन जाता है, जहां बच्चों के खिलौने, झूले व फूड्स के स्टॉल नजर आते हैं। शाम 6 बजे के बाद कार्यक्रम की शुरुआत 101 किसानों के सम्मान के साथ हुई, जिसके पश्चात बैल दौड़ का शुभारंभ किया गया।




### मोटू-पतलू की जोड़ी ने बढ़ाया रोमांच

*प्रतिभागियों ने रंगबिरंगे कागज, घुंघरू, चमकदार कपड़े व मुकुट से बैलों का श्रृंगार किया था। भाठागांव मैदान के एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ प्रतियोगिता रखी गई, जहां बैलों के साथ किसान भी दौड़ते नजर आए। देर रात तक कार्यक्रम में अमित साहू, जोहत राम सोनकर, सनत साहू, विश्वनाथ साहू, संतोष यादव, सेवकराम सोनकर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में शामिल कुछ बैलों की जोड़ी का नाम अनोखा रहा, जिसमें जय-वीरू व मोटू-पतलू नाम रखा गया।*



### मैदान में उमड़ी दर्शकों की भीड़

*नया बस स्टैंड स्थित रावणभाठा मैदान में देर शाम बैल दौड़ व बैल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां दर्शक समय से पहले ही एकत्र होकर अपना स्थान बनाते नजर आए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15-17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें बैल सजाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की संख्या अधिक रही। आयोजन में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री टंकराम वर्मा व ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू रहे।*

### कौशल्या माता की झांकी

बैल सजाओ स्पर्धा में शामिल प्रतिभागी कन्हैया सोनकर से बताया, बीते 10-12 सालों से प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेश के किसानों के लिए पोरा पर्व खास है, इस दिन किसान अपनी गाय, बछड़े व बैलों का श्रृंगार और पूजा-अर्चना करते हैं। स्पर्धा में बैलों के ऊपर माता कौशल्या की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। वहीं दूसरे बैल पर माता सीता, श्रीराम, लक्ष्मणजी एवं हनुमानजी की झांकी देखने को मिली।

### यह रहे प्रतियोगिता के विजेता

बैल दौड़ स्पर्धा में मठपुरैना के नीलकंठ साहू प्रथम विजेता रहे। दूसरे स्थान में जमराव के जोतकर साहू, तीसरे स्थान पर भाठागांव के भैयाराम सोनकर विजेता रहे। बैल सजाओ में कन्हैया सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे में उजियार साहू और तीसरे में शंकरलाल सोनकर विजेता रहे।

### तीज से पूर्व व्यंजनों का ऑर्डर

दुकान संचालक अंकित चौरसिया ने बताया, तीज पर्व के लिए विभिन्न सामग्री तैयार की गई है। गुजिया 280 रुपए किलो, बालूशाही 160 रुपए किलो, नमकीन सेव 240 रुपए किलो, शक्कर पाक 200 रुपए किलो,अइरसा 240 रुपए किलो व सलोनी 200 रुपए किलो बेच रहे हैं। इसमें सबसे अधिक गुजिया व सलोनी की ब्रिकी हो रही है, जिसे लोग त्योहार से पहले ही खरीद रहे। कुछ खरीदारों ने दुकान में पहले से ऑर्डर दिया है, जिसे वे तीज के दौरान खरीदेंगे।

### खुरमी और घेवर पहली पसंद

दुकान संचालक प्रतिभा शर्मा ने बताया, 4-5 साल से पोरा-तीज पर्व पर छत्तीसगढ़ी पकवान दुकान में तैयार किए जाते हैं। माहभर से लगातार खुरमी, चौसेला, फरा, गुलाब जामुन, चूरमा लड्डू, अइरसा और घेवर तैयार किए हैं, जिसे मुख्य रूप से पोरा-तीज के अवसर पर बनाया जाता है। खुरमी 360 किलो, चौसेला 1 पीस 25 रुपए, फरा 20 रुपए प्लेट, गुलाब जामुन 300 रुपए किलो, चूरमा लड्डू 300 रुपए किलो, अइरसा 200 रुपए किलो और घेवर 400 रुपए तय है। त्योहार से पहले ही दुकान से लगभग 45 किलो का पकवान बिक चुका है।

### बाजारों में पर्व की धूम

पोरा त्योहार के अवसर पर गोलबाजार, पुरानी बस्ती रोड, सुंदर नगर रोड व अन्य स्थानों में लगे बाजार में भीड़ नजर आई। जहां लोग देर शाम तक बच्चों के लिए मिट्टी के बर्तन, बैल व जांता की खरीदी करते रहे। पूजा के दौरान ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया, अनरसा, सोहारी, चौसेला, बरा, मुरकू आदि तैयार किए गए। जिसे पूजा के बाद प्रसाद के रूप में बांटा गया।









छत्तीसगढ़ी पर्व पर गड़वा बाजा का अपना अलग महत्व है, जिसे प्रत्येक त्योहार में शामिल किया जाता है। मैदान परिसर में गड़वा बाजा की धुन पर दर्शक झूमते रहे। सुवा, ददरिया, पंथी, गौरा-गौरी की धुन बाजा में सुनने को मिली।

# विद्यार्थियों को संस्कारी बनाने दी गई शिक्षा सामग्री



**रायपुर।** संघर्ष नगर में चल रहे संकटमोचन संस्कार केंद्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को संस्कारी बनाने के लिए अब संस्थाएं भी पहल करने लगी हैं। इस कड़ी में सोमवार को चरामेति व आईवायडीएफ़ फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से 50 बच्चों को शिक्षा सामग्री दी गई। साथ ही 15 दिन का राशन, टी-शर्ट, खेल सामग्री भी वितरित की गई। छात्र-छात्राएं खेल के साथ गीत-संगीत के क्षेत्र में भी पारंगत किए जा रहे हैं। उनसे बात करने के बाद संस्था के लोगों ने हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र, महामृत्युंज मंत्र का शुद्ध उच्चारण भी सुना। इसे विद्यार्थियों ने समूह में गाते हुए फाउंडेशन के लोगों को प्रभावित किया। संस्कार केन्द्र की शिक्षिकाओं ने बताया कि विद्यार्थियों को संस्कारी बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### शिक्षिका दीदी दे रहीं संस्कार

संस्कार केंद्र में बच्चे अपने कक्षा के अनुसार शिक्षिका दीदी से पढ़ाई, खेल, गीत,कहानी, लेखन की जानकारी प्राप्त करने के बाद बौद्धिक स्तर को भी बढ़ा रहे हैं। इनमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता हैं। बच्चे उपहार पाकर बहुत उत्साहित हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद मृत्युंजय दुबे, कुंदन दुबे, विभा गौरहा प्रमुख रूप से मौजूद थे। नीतेश महलदार व प्रशांत महतो ने फाउंडेशन के लोगों को दैनिक गतिविधियों से अवगत कराया।



**धर्म लाइव**

## तीजा में मायके पहुंचीं माता कौशल्या जसगीत से भक्तों ने किया स्वागत



**रायपुर।** तीजा तिहार के मांगलिक पर्व पर चित्रोत्पला लोककला परिषद के लोक कलाकार राकेश तिवारी की परिकल्पना की अनुसार अयोध्या की पवित्र मिट्टी से निर्मित कौशल्या माता की प्रतिमा सोमवार को चंदखुरी धाम पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने रामधुनी, जसगीत के साथ चंदखुरी धाम में उनका स्वागत किया। माता 3 सितंबर से 7 सितंबर तक पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर विराजमान रहेंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप ठेठरी-खुरमी आदि का भोग लगाया जाएगा और छत्तीसगढ़ी भाषा में सुबह-शाम आरती भी होगी। माता की अगवानी के अवसर पर राकेश तिवारी, प्रभा यादव, नितेश यादव, घासीराम वर्मा, धनीराम, राधेश्याम साहू, पंचराम वर्मा, मोहन साहू, हेमलाल पटेल, उत्तम ठाकुर, अर्जुन दास मानिकपुरी, तनु यादव, रोहित निषाद, दुर्गेश निषाद, द्वारका निषाद, ओमकार निषाद, एकादशी निषाद, मोनिका निषाद, आरती यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम चंदखुरी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**समाज इवेंट**

## पर्युषण पर्व के तीसरे दिन इकतीसा जाप, भक्ति रस से सरोबार हुए श्रद्धालु



रायपुर। श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में सोमवती अमावस्या व पोला पर्व के पावन अवसर परछत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि के लिए मंगल प्रार्थना की गई। दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि सर्वप्रथम चारों दादागुरुदेव की वेदी प्रतिमाओं के सम्मुख अष्ट प्रकारी पूजा का विधान किया गया। इसके बाद कुशल नाम है कितना प्यारा, जन जन की आंखों का तारा.., भजनों से वातावरण गुरुभक्ति में सराबोर हो गया। पर्युषण पर्व के तीसरे दिन दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व युवा भजन गायक ऋषभ नखत द्वारा प्रभु भक्ति की प्रस्तुति गई। हे पास मेरे क्या प्रभु जो आपको अर्पण करू.., मालपुरा तेरा सच्चा है धाम सुन के कुशल गुरु तेरा मैं नाम.., भजनों से ऋषभ नखत ने चमत्कारी दादाबाड़ी में रंग जमाया।

### प्रतिदिन तीन ड्रॉ निकाले जाएंगे

सोमवार को प्रभु भक्ति के लाभार्थी इंदरचंद जय विजय सांखला परिवार रहे।। पर्युषण पर्व के चौथे दिन 3 सितंबर को युवा कलाकार दीप्ति बैद प्रभु भक्ति की गंगा प्रवाहित करेंगी, जिसके लाभार्थी जयकुमार पंकज भरत बैद परिवार होंगे। प्रतिदिन दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति में कूपन द्वारा तीन ड्रा निकाले जाएंगे। तीन लक्की श्रद्धालुओं को गुलाबचंद सोहनलाल टीकम गोलछा परिवार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिदिन दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति कार्यक्रम का संयोजन खरतरगच्छ महिला परिषद राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू कोठारी द्वारा किया जा रहा है।

**सिटी लाइव**

## सुनो द्रौपदी... अब शस्त्र उठा लो, गोविंद अब ना आएंगे

**रायपुर।** रोटरी क्लब व आईआईएम कॉलेज की ओर से स्कूली बच्चों के लिए कॉस्मो मेगा यूथ फेस्टिवल 'शाइन' कार्यक्रम का आयोजन समता कॉलोनी स्थित मैक कॉलेज में किया गया। यहां शहर के 70 स्कूलों के 2500 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यूथ फेस्टिवल इवेंट में शतरंज, ओपन योर माइंड, ग्रुप डांस व मैथेमेटिकल एप्टेटियूड, रूबिक्स क्यूब समेत चित्रकला, क्विज, डिबेट के अलावा लिटिल साइंटिस्ट जैसे प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रतिभा दिखाई। इस दौरान ग्रुप डांस आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल.., स्त्री दोबारा ना आना.., भूत के परिधान में सुंदर नृत्य सभी ने पसंद किया। इसके अलावा सुनो द्रौपदी, अब शस्त्र उठा लो, गोविंद अब ना आएंगे.., यह मैसेज देते हुए महिलाओं के साथ वर्तमान में हो रहे दुर्व्यवहार व हृदय विदारक घटना को नृत्य के माध्यम बताया गया।

### प्रतिभा को पहचानो और भविष्य बनाओ

कार्यक्रम के अतिथि मैट्स यूनवर्सिटी के गजराज पगारिया और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजीव गुप्ता रहे। इस दौरान कास्मो के अध्यक्ष व सचिव आशीष नथानी, प्रदीप डी. गोयल, कॉस्मो कार्यक्रम के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, निलेश गोयल, कॉस्मो दीवास कार्यक्रम अध्यक्ष मीनू जग्गी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने बच्चों से कहा कि आप जीतें या ना जीतें, सभी ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी जीत हासिल कर ली है। स्कूल ऑफ द स्कूल "अवार्ड प्रथम स्थान पर डीपीएस रायपुर, दूसरे स्थान पर होली हार्ट्स कबीर नगर एवं तीसरे स्थान पर आरकेसी रायपुर, विजेता टीमों को आयोजन समिति की ओर से ट्रॉफी दी गई।

**राजधानी में गणेशोत्सव की रहेगी धूम, प्रमुख पंडालों में स्थल सज्जा होगी खास**

# नंदगांव में श्रीकृष्ण-लीला की झांकी, गणेशजी पहनेंगे सोने का मुकुट, पहली बार सजेगा अयोध्या का राम दरबार

*'राजधानी में इस बार के गणेशोत्सव को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए किसी समिति ने विक्रांत एनएच के बीच भोले का दरबार सजाने का मन बनाया है तो किसी ने अयोध्या की रामदरबार जैसा लुक देना शुरू किया है। नंदगांव में कृष्ण की लीला से भी झांकी सजाने की तैयारी चल रही है। गोलबाजार में गणेशजी नवरत्न जड़ित सोने का मुकुट पहने हुए रिद्धि-सिद्धि के साथ नजर आएंगे।'*

**रायपुर।** गुढियारी गणेशोत्सव समिति इस बार भी परंपरा को कायम रखते हुए नंदगांव थीम पर झांकी सजा रही है। समिति मार्गदर्शक हेमचंद शर्मा व अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि दुर्ग के प्रवेंद्र जंगी ने 20 साथी कलाकारों ढाई महीने में नंदगांव थीम पर कृष्ण की लीलाओं को झांकी में संजोया है। इसमें कृष्ण के बाललीला, रासलीला और कालिया मर्दन के प्रसंगों को 30 से ज्यादा चलित झांकियों में संजोया है। झांकी में प्रवेश करते ही वासुदेव कारागार से श्रीकृष्ण को टोकरी में सिर पर रखकर जमुना नदी पार करते नजर आएंगे। वहीं निकासी द्वार पर गोपियों संग होली खेलते श्रीकृष्ण की झांकी मिलेगी। इस बार कृष्ण और राधा की रासलीला, नृत्य को भी प्रदर्शित किया गया है। यहां छोटे-छोटे घर भी बनाए गए हैं।







### कालीबाड़ी इस बार होगी खास

कालीबाड़ी गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा साहू व परमवीर सिंह और युवा अध्यक्ष लक्ष्य साहू व रणवीर सिंह ने मिलकर स्थल सज्जा को खास बनाने का प्रयास किया है। दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों को 24 फीट चौड़ी व 18 फीट ऊंचे विक्रांत एनएच में शीश महल देखने को मिलेगा। इसमें भोलेनाथ की अद्भुत प्रतिमा सजेगी। वहीं 50 फीट चौड़ी व 50 फीट ऊंचे एरिया को अयोध्या को स्वरूप दिया है। जहां राम दरबार देखने को मिलेगा। कलकत्ता के कारीगरों ने इसे आकार दिया है। माना के कारीगरों ने भोले के स्वरूप में गणेश की मूर्ति बनाई है। इसे स्वरूप देते हुए दर्शनार्थी देख सकेंगे।

### रिद्धि-सिद्धि के साथ होंगे श्रीगणेश

श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति, हनुमान मंदिर गोलबाजार में इस बार गणेश भगवान रिद्धि-सिद्धि के साथ नजर आएंगे। विनय गुप्ता ने बताया कि इस बार भी भगवान गणेश प्रतिमा पर आधा किलो चांदी से निर्मित छत सजेगा। वहीं भगवान को नवरत्न जड़ित 750 ग्राम वजनी सोने का मुकुट पहनाया जाएगा। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार झांकी के रूप में भगवान कृष्ण गोपियों संग रासलीला करते हुए नजर आएंगे। गणेश प्रतिमा को फनौद दुर्ग के मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी ने आकार दिया है। झांकी को भी उनकी टीम ने निर्मित किया है। पंडाल को लेजर लाइट से सजाया जाएगा।

### विसर्जन में शामिल होगी झांकी



राठौर चौक की 56 साल पुरानी श्री नवनिर्माण गणेश उत्सव समिति ने इस बार भी धूमधाम स्थल सज्जा को लेजर लाइट से सजाने वाली है। इस बार समिति ने 14 फिट की मूर्ति की जिम्मेदारी महादेव घाट के मूर्तिकार सुरेश प्रजापति को दिया है। भगवान की मूर्ति को राठौर चौक के राजा के रूप में सिंहासन पर ही सजाने की तैयारी में हैं। यश राठौर ने बताया कि जगह अभाव की वजह से विसर्जन के दिन राजनांदगांव से झांकी लाई जाएगी। इसमें कुंभकरण वध का दृष्य देखने को मिलेगा।

## 80 साल की लक्ष्मी के हाथों से जीवंत हो उठती हैं दिव्य प्रतिमाएं



गणपति बप्पा बस आने ही वाले हैं। मूर्तिकार भगवान गजानन की प्रतिमाओं पर फिनिशिंग टच देने में लगे हुए हैं। राजधानी रायपुर में चौक-चौराहों और लोगों के घरों में हजारों की संख्या में गणपति बप्पा विराजेंगे। मूर्तियों की बड़ी संख्या में आने वाली मांग पूरी करने के लिए अनेक मूर्तिकार महीनों से जुटे हुए हैं। इन्हीं में से एक हैं माना की 80 वर्षीया वृद्धा राधा लक्ष्मी मंडल। उम्र के आठ दशक पूरे कर लेने के बावजूद वे हर साल 300 मूर्तियां गढ़ती हैं। वहीं कुछ ऐसे मूर्तिकार भी हैं, जो पीढ़ियों से इसी कला को अपनी आजीविका बनाए हुए हैं। इन्हीं में से एक हैं बिजय गोपाल घोष। बिजय घोष मूर्तियों की संख्या ज्यादा रखने के बजाय चंद यूनिक मूर्तियां गढ़ने पर विश्वास करते हैं। वे मूर्तिकला को अपना व्यापार नहीं, अपितु वंशानुगत धरोहर मानकर आगे बढ़ा रहे हैं।

### कांपते हाथों में गजब का हुनर

भले ही राधा लक्ष्मी मंडल के हाथ कांपते हों, लेकिन उनकी मूर्तियां ऐसी प्रतीत होती हैं, मानों अब बोल ही पड़ेंगी। 40 साल की इस साधना में लक्ष्मी ने अपने हाथों को ऐसे साध लिया है कि हर साल हंसते-बोलते 300 मूर्तियां कब बन जाती हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता। राधा लक्ष्मी मंडल के 3 बेटे और एक बेटी हैं। बच्चों के लिए यूं ही प्रतिमाएं गढ़ते-गढ़ते लक्ष्मी कब सिद्धहस्त मूर्तिकार बन गईं, इसका उन्हें पता ही नहीं चला। हालांकि उनके बेटों ने अरविंद घोषजी से मूर्तिकारी सीखी है। जब उनके बेटे मूर्तियां गढ़ते तो खाली समय में लक्ष्मी भी उनकी मदद करती रहतीं। अब चार दशक बीत गए, उनको खुद ही मूर्तियां बनाते।

### कभी खाली नहीं बैठतीं लक्ष्मी

इस साल भी लक्ष्मी ने दुर्गा की 5 मूर्तियां, भगवान विश्वकर्मा की 60, भगवान गणेश की 10 मूर्तियों का निर्माण किया है। लक्ष्मी सालभर में कभी खाली नहीं बैठतीं। खाली समय का सदुपयोग वे मूर्तियों का ढांचा बनाने में करती हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी आकर्षक मूर्तियां गढ़ने वाली अपनी सास के बारे में लक्ष्मी की बहू बताती हैं कि भले ही उनकी तबीयत साथ न दे रही हो, लेकिन वे बस भगवान का नाम लेकर काम शुरू कर देती हैं तो मूर्तियां मानो अपने आप ही बनने लगती हैं।

### महज मूर्तियां बनाना ही नहीं, जीवंत बनाना है उद्देश्य

मूर्तिकार बिजय गोपाल घोष का मानना है कि, केवल मूर्ति निर्माण ही उनका काम नहीं है। इन मूर्तियों को जीवंत रूप देना उनका मुख्य उद्देश्य होता है। इसी के चलते वे ऐसी मूर्तियों का निर्माण करते हैं, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने। इसके लिए वे दूसरे राज्यों से भी सामान मंगाते हैं। इस साल बिजय केवल 5 मूर्ति बना रहे हैं। उनकी नई थीम इस साल है, महाकाल की भस्म आरती का चित्रण। बिजय अपनी एक थीम में अयोध्या में विराजे श्रीरामलला की मूर्ति को स्थापित करते हुए भगवान गणेश को दिखाने जा रहे हैं। इस थीम को जीवंत बनाने के लिए बिजय ने रामलला की मूर्ति 40 हजार रुपए खर्च कर बनाई है।

## सोमवती अमावस्या में माता को छप्पन भोग मध्य रात्रि तक जगराता में झूमे श्रद्धालु

**रायपुर।** श्री राणी सती मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय अमावस्या मेले का आयोजन किया गया। राजातालाब स्थित मंदिर में सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया ने बताया, प्रत्येक वर्ष भादो बदी अमावस्या का पर्व मंदिर में मनाया जाता है। पहले दिन सुबह 10 बजे दादी राणी सती का पंचामृत से स्नान-ध्यान कराया गया, जिसमें गिरधारी लाल परिवार और डीडी अग्रवाल के परिवार को स्नान-ध्यान का अवसर दिया गया। बड़ी अमावस्या के रूप में मारवाड़ी समाज इस पर्व को मनाता है। स्नान के पश्चात माता की बिंदी, चुंदड़ी, मेहंदी-चूड़ा के साथ भव्य श्रृंगार किया गया। भादो मानव मेला कुलदेवी में पूजा-अर्चना की गई, साल में एक बार मंदिर परिसर में यह पूजा की जाती है। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ देखने को मिली।



### मंदिर के गर्भगृह में दीप प्रज्ज्वलित

*कैलाश अग्रवाल ने बताया, अमावस्या मेले के प्रथम दिन माता का सोलह श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर खीर-पूड़ी का विशेष भोज माता को अर्पित किया गया। आयोजन में रोली व काजल से 13-13 टीके लगाए जाते हैं, जिसे माता के रूप से शुभ मानकर पूजा जाता है। रात 8.30 बजे मंदिर प्रांगण में माता के गर्भगृह में दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जो निरंतर दूसरे दिन के मंगल आरती तक जलते रहेंगे। कोलकाता के कारीगरों द्वारा मंदिर परिसर को सजाया गया। वे निरंतर 7-8 दिनों से तैयारी कर रहे थे।*



### देर रात तक चली भजन संध्या

आयोजन में मुख्य आकर्षण का केंद्र कोलकाता के भजन मंडली रही, जिनके भजनों की प्रस्तुति के दौरान मंदिर परिसर में भक्त झूमते नजर आए। इसमें मनोज सेन धनबाद, पूजा नत्थानी व निशा सोनी सुमधुर भजन पेश किए, जिन्होंने सती मां थोरी जय-जय बोला....ऐ सया मारी सोना सो सूरज उगियो...जैसे भजन गाए। रात 9 बजे से भजनों की शुरुआत की गई, जिसका समापन रात 12 बजे हुआ। इसके पश्चात रात 1 बजे 56 भोग माता को अर्पित किए गए।

## धर्म ऐसा पुरुषार्थ, जिससे खुद को कर सकते हैं नियंत्रित

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर के मेघ-सीता भवन में चल रहे आत्मकल्याण वर्षावास के दौरान सोमवार को पर्युषण पर्व के दूसरे दिन परम पूज्य श्रमणतिलक विजय ने कहा कि जो चीज मिलेगी या नहीं मिलेगी, निश्चित नहीं होने के बावजूद भी हम आज उसी के पीछे भाग रहे हैं। पैसे कमाने के चक्कर में व्यक्ति आज दिन रात दौड़ रहा है जबकि यह निश्चित नहीं है कि जितना वह पैसों की चाह रखता है, उसे उतना पैसा मिल जाएगा या नहीं ? बहुत पैसे कमाने के चक्कर में लोग अपना बिगाड़ करके भी इस रेस में दौड़ रहे हैं। मुनिश्री ने आगे कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में चाहे वह व्यापार हो, चाहे घर-परिवार हो, किसी का नियंत्रण नहीं है। आज केवल धर्म ही ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आप पुरुषार्थ करके अपने आप को नियंत्रित कर सकते हो। एक व्यापार शुरू करने के लिए आप उसमें लाखों रुपए लगाते हो और अगर वह डूब गया तो? तो फिर से आप बाजार से कर्जा लेकर प्रयास करते हो।



### घर जाकर गाजे-बाजे के साथ स्वागत

*श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी और आत्मकल्याण वर्षावास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने बताया कि न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर में सोमवार को पं. श्रमणतिलक विजयजी की पावन निश्रा में कल्पसूत्र बोहराने की बोली हुई और यह लाभ श्री सज्जन कुमारजी शांति देवी अजय, विजय, संजय कानूगा परिवार को मिला। इस उपलक्ष्य में चतुर्विंग संघ उनके घर जाकर गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत किया। वहीं 3 सितंबर को मयंक डागा, 4 सितंबर को भंसाली बाल ग्रुप, 5 सितंबर को सुमीत लोढ़ा, 6 सितंबर को ऋषभ नख्त, 7 सितंबर को राहुल कोचर और 8 एवं 9 सितंबर को गुरु इकतीसा होगी और उसके बाद आमंत्रित गायकों और स्थानीय मंडल की ओर से संगीतमयी प्रभु भक्ति होगी।*

**कार्नर न्यूज**

**भारतीय वायु सेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन निखिल वर्मा ने स्टूडेंट्स को दी सीख**

## जीवन में हार्ड-सॉफ्ट स्किल में तभी सफल होंगे जब खुद पर भरोसा होगा कि 'हां, मैं कर सकता हूं'

**रायपुर।** जीवन में हार्ड व सॉफ्ट स्किल में तभी सफल होंगे, जब खुद पर भरोसा होगा कि 'हां मैं कर सकता हूं'। कुछ इसी तरह के संवादों से युवा संस्था के सिविल लाइंस स्थित सेमिनार हॉल में भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन निखिल वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में स्कूल, कॉलेज एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब हुए। सशस्त्र सेना में कैरियर बनाने और जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए श्री वर्मा हां, मैं कर सकता हूं, विषय पर सेमिनार में युवाओं को संबोधित करने अतिथि के रूप में वे युवा के संस्थापक एम. राजीव के आग्रह पर मार्गदर्शन देने संस्था में पहुंचे। श्री वर्मा का संबोधन शुरू होने से पहले उनका शॉल, श्रीफल, सूत की माला व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।



### मैं छत्तीसगढ़ का मूल निवासी

इस दौरान संस्थापक एम. राजीव ने बताया कि श्री वर्मा ने भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन के हैसियत से 26 वर्षों तक अनवरत सेवा की है। साथ ही एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भारतीय वायुसेना एवं अन्य लगभग 15 देशों के सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का गौरव प्राप्त है। इंडियन एयरफोर्स टेक्निकल कॉलेज के प्रमुख भी रहे हैं। वर्तमान में बेंगलुरु में निवासरत हैं। इसके बाद मुख्य वक्ता ने बताया कि मैं भी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हूं। अपने प्रारंभिक जीवन में काफी संघर्ष करना पड़ा।

### सफलता के लिए परिश्रम करें

उन्होंने आगे बताया कि बचपन में मुझे लकवा हो गया था। उसके बाद मैंने दृढ़ संकल्प व कठिन परिश्रम से वायुसेना की परीक्षा उत्तीर्ण की। जीवन में हार्ड स्किल के साथ ही सॉफ्ट स्किल के महत्व को समझाते हुए कहा कि कैरियर पर सॉफ्ट स्किल का क्या प्रभाव पड़ता है। सॉफ्ट स्किल को बेहतर बनाने में कम्युनिकेशन स्किल को एक गेम के माध्यम से इसके महत्व को समझाया। उसी तरह दूसरे एक्टिविटी में उन्होंने युवाओं को 4 टीम में बांटकर अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारी देकर टीमवर्क बताया।

### हर प्रयास में हो राष्ट्र का विकास

श्री वर्मा ने सभी से कहा कि उन्हें युवाओं को आगे बढ़ाना है, लेकिन उस गेम के अंत में उन्होंने समझाया कि किसी भी संगठन में शामिल व्यक्ति सिर्फ अपने या अधिक से अधिक टीम को जिताने की होड़ में लग जाता है। इस कोशिश में पूरे संगठन की हार होती है। इस एक्टिविटी के बाद कहा कि हमारी सोच स्वयं या परिवार तक सीमित होती है, जबकि हमारे हर प्रयास में राष्ट्र का विकास शामिल होना चाहिए। उन्होंने भारतीय रक्षा बल में अधिकारी के रूप में भर्ती प्रक्रिया, साक्षात्कार के बारें में जानकारी दी।

ज्योतिष

## जानें मंगलवार को कौन सा अंक और रंग रहेगा आपके लिए शुभ



अंक ज्योतिष द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानी 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं, जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है। इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**अंक 1** : अपने अंदर की आवाज़ को सुनने का समय आ चुका है। अपने भय को अपने सिर पर हावी न होने दें। चिंता न करें क्योंकि सब कुछ ठीक है और आप सही रास्ते पर है। देर है अंधेर नहीं।
शुभ अंक- 5, शुभ रंग- नारंगी

**अंक 2**: आज आपका भाग्य साथ देगा। अच्छा भाग्य शायद धन या एक नए करियर विकल्प के रूप में अभी आपके जीवन के मार्ग का नेतृत्व कर रहा है। एक यात्रा या किसी कक्षा में दाखिला लेकर आप अपने दिमाग से चिंताओं को दूर कर सकते हैं।
शुभ अंक- 9 , शुभ रंग- सफेद

**अंक 3** : आप को हर कार्य मे अपने दोस्तों के समर्थन और संगति पसंद है। जैसे ही आप अपने अंदर के प्यार और असीम शक्ति को समझेंगे वैसे ही आपको आनंद, स्नेह और ऊर्जा प्राप्त होगी।
शुभ अंक-10, शुभ रंग- पीला

**अंक 4** : काम आपके तनाव का कारण बन सकता है। रोमांस के लिए समय निकालें। अधूरे रिश्तों को समाप्त कर सकते हैं। नए अवसर और आय के नए स्रोत अब दिखने लगे हैं।
शुभ अंक- 11, शुभ रंग- लाल

## कमरे की दीवारों पर न लगाएं ये 4 तस्वीरें, परिजनों की खुशियों पर लग सकता है ग्रहण



घर की दीवारों पर तस्वीरें लगाना सिर्फ सजावट का तरीका ही नहीं, बल्कि इसके पीछे कई भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक कारण भी होते हैं। अक्सर इन्हीं वजहों से लोग अपने घर के दीवारों पर तस्वीरें लगाते हैं। घर में लगी तस्वीरों का प्रभाव हम सभी के जीवन पर पड़ता है। इसलिए इसका सही दिशा में होना बेहद जरूरी है। इन तस्वीरों का सही दिशा में होना आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में मदद करता है। कुछ लोग परिवार की फोटो का फ्रेम दिवार पर लगाते हैं। घर में तस्वीरों को लगाने से घर की खूबसूरती तो बढ़ती ही है लेकिन अगर फेंगशुई नियम से इन तस्वीरों को न लगाया जाए तो परिवार में कलह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। फेंगशुई के अनुसार, दीवार पर लगी कुछ तस्वीरें आपके घर-परिवार में नकारात्मकता पैदा करती है।

**डूबते हुए सूर्य की तस्वीर** : किसी भी पहाड़ या समुद्र किनारे डूबता हुए सूरज की तस्वीर घर की दीवारों पर नहीं लगानी चाहीए। फेंगशुई के मुताबिक डूबते हुए सूरत को नकारात्मक्ता का प्रतीक माना जाता है। ऐसी तस्वीर देखने से आशा की बजाए निराशा होती है। इसलिए भूलकर भी घर में ऐसी तस्वीरें न लगाएं।

**बहते हुए झरने की फ्रेम फोटो** : फेंगशुई नियमों के मुताबिक घर के किसी भी दीवार पर किसी पहाड़ से गिरते हुए झरने की तस्वीर नहीं लगानी चहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार झरने की तस्वीर लगाने से जिस तरह पानी बहता है ठीक उसी तरह से घर से पैसा बहने लगता है। कई बार अच्छी आमदनी होने के बावजूद आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए ऐसी तस्वीरों को घर में लगाने से बचना चाहिए।


**तीन सदस्यों वाली तस्वीर** : फेंगशुई नियमों के मुताबिक तीन लोगों की फोटो एक फ्रेम में लगाना अशुभ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इससे रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही तीन दोस्तों की फोटो भी एक फ्रेम में लगाना सही नहीं माना जाता है। अगर आपके घर की दीवार पर ऐसी तस्वीरें लगी हैं तो आज ही उसे हटा दें।

**हर एक कमरे के दीवार पर न लगाएं भगवान की फोटो** : वैसे तो भगवान की तस्वीरों को घर पर लगाना शुभ माना जाता है। मगर फेंगशुई और वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर की हर दीवारों पर भगवान की फोटो लगाना उचित नहीं होता है। ऐसा करने से धन की हानि होती है। इसलिए भगवान की तस्वीरों के लिए एक पवित्र स्थान बनाएं।

### जानिए पुरुषों को ज्यादा पीने से क्यों बचना चाहिए

# क्या दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है नारियल पानी?

नारियल पानी का स्वाद भले ही किसी को पसंद हो या न हो, लेकिन हर व्यक्ति इससे मिलने वाले फायदों को पाना चाहता है। एक नारियल का पानी पीकर आपको गर्मी से राहत मिलती है। वहीं, इससे कई सारी बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। ये एक ऐसा फल है जिसके कई बेनेफिट्स है। यह आपको कैंसर की बीमारी के रिस्क तक से बचा सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नारियल पानी में प्रोटीन, गुड फैट, कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर, आयरन, विटामिन ए, विटामिन सी और फैटी एसिड की मात्रा पाई जाती है। जो पोषक तत्व हमें खाने से नहीं मिलते हैं वह नारियल पानी पीने पर मिल जाते हैं।



### क्या दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है नारियल पानी?

नारियल पानी को हार्ट पेशेंट के लिए सेफ माना जाता है। क्योंकि इसमें फैट, कैलोरी और बैड कोलेस्ट्रॉल बहुत कम होता है। जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। वहीं इसके पानी में पोटेशियम होता है जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकता है। ये ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल कर सकता है। डॉक्टर भी हार्ट के मरीजों को नारियल पानी पीने की सलाह देते हैं। हालांकि, जिन लोगों को हार्ट के साथ किडनी में भी समस्या है उन्हें नारियल पानी पीने से बचना चाहिए। आप अपने डॉक्टर की सलाह लेने के बाद इसे पी सकते हैं।



### ज्यादा नारियल पानी पीने से हो सकता है निगेटिव इफेक्ट्स

पुरुषों को ज्यादा नारियल पानी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इसके निगेटिव इफेक्ट्स हो सकते हैं। दरअसल, बहुत ज्यादा नारियल पानी पीने से हाइपरकेलेमिया हो सकता है, जो ब्लड में पोटेशियम का खतरनाक स्तर है। इससे अनियमित दिल की धड़कन या किडनी की समस्या हो सकती है। वहीं, जिन पुरुषों की ब्लडप्रेशर की दवा चल रही है या जिनका ब्लडप्रेशर कम है, उन्हें सतर्क रहना चाहिए। अगर कोई पुरुष बहुत ज्यागा नारियल पानी पी रहा है तो इससे पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। अब सवाल ये है कि कितना पीएं कि नुकसान न हो? तो रिपोर्ट्स कहती हैं कि पुरुष के लिए 1 या 2 कप नारियल पानी पीना सामान्य माना जाता है।

## बीमारियों से रहना है दूर तो आहार में जरूर होने चाहिए ये विटामिन्स

शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इसका सबसे आसान तरीका है- पौष्टिक आहार का सेवन। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, अगर आप रोजाना विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर चीजें खाते हैं तो ये आपको कई प्रकार के रोगों से सुरक्षित रखने में मददगार हो सकता है। यही कारण है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को पौष्टिक चीजों के सेवन की सलाह दी जाती है। क्या आपका आहार स्वस्थ और शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर है?



### क्या कहती हैं डायटीशियन?

डायटीशियन पूजा शर्मा बताती हैं, स्वस्थ और पौष्टिक आहार का मतलब उन चीजों से है जो शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व सही अनुपात में प्रदान करती हों। इन पोषक तत्वों में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन्स और खनिज शामिल हैं। भोजन की थाली में अलग-अलग रंगों वाले फलों-सब्जियों को शामिल करके जरूरी विटामिन्स और खनिजों की पूर्ति की जा सकती है। आइए जानते हैं कि बीमारियों से बचे रहने और शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए हमें नियमित रूप से किन विटामिन्स की आवश्यकता होती है।

**विटामिन-ए** : विटामिन-ए हमारे शरीर के लिए सबसे आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है। हृदय, फेफड़े, लिवर और अन्य अंगों को ठीक से काम करने में ये मदद करता है। आप सैल्मन जैसी मछलियों, ब्रोकली, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियों, खरबूजा, खुबानी, आम, डेयरी उत्पाद से विटामिन ए प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप रोजाना पर्याप्त मात्रा में विटामिन-ए वाली चीजें खाते हैं तो ये आंखों की रोशनी, प्रतिरक्षा प्रणाली, प्रजनन और वृद्धि-विकास में काफी फायदेमंद है।

**विटामिन-बी** : विटामिन ए की ही तरह से विटामिन-बी वाली चीजें भी शरीर को स्वस्थ रखने में काफी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। अमेरिकन प्रेग्नेंसी एसोसिएशन के अनुसार, जो महिलाएं गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या गर्भधारण की योजना बना रही हैं, उन्हें अधिक मात्रा में विटामिन बी, विशेष रूप से फोलेट की आवश्यकता हो सकती है।

## उचित आहार एनीमिया दूर करने में मददगार, जानिए क्या खाएं-क्या नहीं

पोषण माह देशभर में हर साल एक से 30 सितंबर तक सही पोषण के लिए जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष सातवां पोषण माह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य से संबंधित कई बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिसमें से एक मुख्य विषय है 'एनीमिया' जो कि भारत के हर वर्ग में देखने को मिलता है, विशेषकर महिलाओं व बच्चों में।

गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी से मातृ एवम्‌ शिशु को खतरा हो सकता है। इसकी कमी से बच्चों में संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है और सीखने की क्षमता कम हो जाती है। आयरन (लोह तत्व) की आवश्यकता हीमोग्लोबिन संश्लेषण के लिए होती है तथा यह मानसिक कार्य करने एवम्‌ रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। आयरन की कमी से एनीमिया हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ मुख्य खान-पान संबंधित बातें जिससे इसे रोका तथा दूर किया जा सकता है।



## पीठ की चर्बी कम करने के लिए तीन योगासन, अभ्यास से सुडौल होगा शरीर

पेट की चर्बी को लेकर लोग परेशान होते हैं लेकिन कुछ लोगों के शरीर के कई भागों में चर्बी अधिक होती है। बाजुओं की चर्बी के कारण बिना बाजुओं के कपड़ें पहनने का आत्मविश्वास नहीं आ पाता है। वहीं पीठ की चर्बी के कारण भी व्यक्ति में मोटापा नजर आता है।हाथ, पैर, डबल चिन या बैली फैट को आसानी से घटा सकते हैं, लेकिन पीठ की चर्बी को घटाने में अधिक समय लगता है, क्योंकि पीठ के अतिरिक्त वसा को कम करना अधिक कठिन होता है। ऐसे में अगर आपके पीठ पर भी फैट है, तो उसे घटाने के लिए योग की मदद ले सकते हैं।


योग से शरीर को शेप में किया जा सकता है। साथ ही शरीर के अलग-अलग हिस्सों के अतिरिक्त वसा को कम किया जा सकता है।

### धनुरासन

इस आसन के अभ्यास के लिए पेट के बल लेटकर घुटनों को मोड़ें। टखनों को हथेलियों को पकड़ते हुए दोनों पैरों और बाहों को जितना हो सके ऊपर की ओर उठाएं। नजर ऊपर की ओर रखते हुए कुछ देर के लिए इसी अवस्था में रहें। फिर पुरानी स्थिति में वापस आ जाएं।

### पादहस्तासन

पीठ की चर्बी घटाने के लिए पादहस्तासन का अभ्यास भी असरदार है। इस आसन को करने के लिए दोनों पैरों पर सीधे खड़े हो जाएं। अब हाथों को शरीर के साथ सीधा रखते हुए श्वास अंदर की ओर लें। हाथों को सिर के ऊपर ले जाएं और शरीर को ऊपर की ओर खींचें। अब श्वास छोड़ते हुए रीढ़ को सीधा रखें। इस दौरान घुटनों और हाथों को एक सीध में रखते हुए आगे की ओर झुकें। फिर हाथों को फर्श पर रखें और अपनी एड़ियों से पकड़ें।



### भुजंगासन

पेट के बल सीधा लेटकर पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब हाथों को छाती से पास ले जाते हुए हथेलियों को नीचे टिकाएं। गहरी सांस लेते हुए नाभि को ऊपर उठाएं और आसमान की तरफ देखें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहने के बाद पुरानी स्थिति में वापस आ जाएं।

























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सबसे अधिक कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म बनी 'इनसाइड आउट 2



डिज्नी और पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने एक बिलियन डॉलर यानी कि 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। 12 रिलीज में से एक यह एकमात्र एनिमेटेड फिल्म है, जिसने इतना कलेक्शन किया है। वैसे तो वैश्विक स्तर पर 55 फिल्मों ने एक बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से 100 करोड़) की कमाई की है। इसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टिकट बिक्री भी शामिल है। मगर केवल एक दर्जन फिल्में ही अकेले विदेशी बाजारों से उस बेंचमार्क को छूने में कामयाब रहीं। इनमें से 11 फिल्में लाइव-एक्शन थीं। डिज्नी की 2019 की फिल्म 'द लॉयन किंग' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1.1 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से 110 करोड़ रुपए) की चौंका देने वाली कमाई की। स्टूडियो ने रीमेक को कंप्यूटर जनरेटेड के बजाय लाइव-एक्शन में दिखाया, इसके चलते 'इनसाइड आउट 2' इस क्लब में शामिल होने वाली पहली एनिमेटेड फिल्म है। एक बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से 100 करोड़ रुपये) तक पहुंचने का मतलब है कि 'इनसाइड आउट 2' ने लगभग हर जगह धूम मचा दी है। कुछ हफ्ते पहले 'इनसाइड आउट 2' ने इतिहास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म 'फ्रोजन II' को पीछे छोड़ दिया था।

### टॉलीवुड

## 2209 एडी में सेट है 'बिल्ला रंगा बाशा' की कहानी रेत में दिखा ताजमहल, पानी में एफिल टावर



अभिनेता किच्चा सुदीप की नई फिल्म की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए काफी खास दिन को चुना गया है, क्योंकि किच्चा सुदीप का 51वां जन्मदिन हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'बिल्ला रंगा बाशा' है, जिसका कॉन्सेप्ट वीडियो भी दर्शकों के साथ साझा किया गया है। 'बिल्ला रंगा बाशा' का निर्देशन अनूप भंडारी करेंगे, जो इससे पहले 'विक्रांत रोना' को डायरेक्ट कर चुके हैं। इस फिल्म में भी किच्चा सुदीप ने ही मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्माण के निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी की कंपनी प्राइमशो एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने हिट फिल्म 'हनुमान' को भी बनाया था। किच्चा सुदीप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'बिल्ला रंगा बाशा' का कॉन्सेप्ट वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में पहले किच्चा के फैंस उनकी नई फिल्म की अपडेट मांगते हुए दिखाई देते हैं। फिर ऐलान होता है कि अनूप भंडारी के निर्देशन और प्राइमशो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म में किच्चा नजर आएंगे। इसके बाद फिल्म के नाम का ऐलान किया जाता है। 'बिल्ला रंगा बाशा' की कहानी के बारे में जानकारी दी गई है। फिल्म की कहानी 2209 ई. में सेट की जाएगी। वीडियो में भविष्य की दुनिया की झलक देखने को मिलती है, जिसमें ताजमहल रेत में दिखाई देता है, एफिल टावर पानी में और स्टैचू ऑफ लिबर्टी बर्फ की चादर में दिखाई पड़ती है। वीडियो के अंत में सुदीप को 'अभी वापस आऊंगा' कहते हुए सुना जाता है।

### भोजपुरी

## मुझे भी लोगों ने कहा था काम पाने के लिए करना पड़ेगा कोम्प्रोमाइज: प्रियंका



भोजपुरी फिल्मों की युवा अभिनेत्री प्रियंका महाराज फिल्मों के साथ – साथ एल्बम का भी सक्रिय चेहरा बन चुकी हैं।प्रियंका,पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के साथ भी स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं। अपने अब तक के संघर्ष के साथ उन्होंने भोजपुरी के इंडस्ट्री के कामकाज के रवैये पर भी अपने अनुभव को सांझा किया है। शुरुआत में मैं ऑडिशन के लिए जिस भी ऑफिस में जाती थी, तो मैं अपनी मां को लेकर जाती थी। उस वक़्त मुझसे लोग कहते थे कि हीरोइन नहीं बन पाओगी। अगर मां को लेकर हर जगह जाओगी। यहां कोम्प्रोमाइज़ होता है। कोम्प्रोमाइज़ का मतलब आपको पता है ना। यह सब बातें मैंने करियर की शुरुआत में सुनी है। इन बातों के साथ मैं यह भी कहूंगी कि कोई आपके साथ यहां जबरदस्ती नहीं करता हैं, जब तक आपकी मर्जी ना हो। मेरा एकदम सिंपल सा फंडा है कि जो भी काम आएगा, वह मेरी काबिलियत के बल पर आएगा तो करेंगे वरना काम जाते हैं तो जाए। मम्मी को हर जगह साथ ले जाने का खामियाजा भी मैंने भुगतना पड़ा है। फिल्मों की मुहूर्त में मैं थी, लेकिन फिल्म की शूटिंग किसी और अभिनेत्री के साथ हो गई। स्टोरी चेंज हो गई। मेरे चार गाने थे.अचानक से किसी और अभिनेत्री को मेरे दो गाने दे दिए।




इस साल गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को सेलिब्रेट की जाएगी। इस दिन बप्पा का स्वागत खूब अच्छे से सज-संवर के करते हैं। अगर आप भी घर पर बप्पा को लेकर आने वाले हैं तो तैयार होने के लिए अदाकाराओं के गणेशोत्सव वाले लुक से टिप्स ले सकती हैं। एक्ट्रेस हर साल गणपति बप्पा का स्वागत सज-संवरकर करती हैं। वह इस दिन के लिए इंडियन लुक पर फोकस करती हैं। इस लुक में उन्होंने पीले रंग की एक खूबसूरत साड़ी को कैरी किया है। जिसके साथ बेल्ट को स्टाइल किया है।

## हरतालिका तीज पर लगाएं ये सुंदर आलता डिजाइन पैरों की खूबसूरती में लग जाएंगे चार चांद

हरतालिका तीज पर हर सुहागन स्त्री अपने पैरों पर आलता यानी महावर लगती है। आज हम आपके लिए कुछ आलता के फैंसी डिजाइन लेकर आए हैं जो आपके पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे।

**सोलह श्रृंगार का अहम हिस्सा है आलता :** हरतालिका तीज का पावन पर्व बस आने ही वाला है। इस दिन हर सुहागन स्त्री सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करती है। महिलाओं के इसी सोलह श्रृंगार का आलता यानी महावर भी बहुत अहम हिस्सा है। आलते को सुहाग की निशानी माना जाता है और हर सुहागन स्त्री किसी भी पावन पर्व पर अपने पैरों पर आलता जरूर लगती है। आलता लगे पैर देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं। आज हम आपके लिए आलते के कुछ फैंसी डिजाइन लेकर आए हैं जिनकी मदद से आप अपने पैरों की खूबसूरती को और बढ़ा सकती हैं।



**फूलों वाला डिजाइन ट्राई करें :** हर बार सिंपल स्टाइल में आलता लगाने के जगह आप ये फूलों वाला डिजाइन भी ट्राई कर सकती हैं। ये देखने में काफी ज्यादा सुंदर लगता है। साथ ही इसे बनाना भी बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आप एक ब्रश की मदद ले सकती हैं। इसके अलावा एक क्यूटिप का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### लोट्स शेप डिजाइन है काफी फैंसी

कुछ फैंसी और सिंपल ट्राई करना चाहती हैं तो ये लॉट्स शेप आलता डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। ओवरऑल ये काफी सिंपल लुक है बस पैरों की साइड्स पर कमल का फूल और कुछ सुंदर से पैटर्न बना देने हैं। कुछ मिनिमल ट्राई करने का मन है तो ये डिजाइन बेस्ट रहेगा।

### ट्राई करें क्लासिकल डिजाइन

अगर आप बिल्कुल ही सिंपल डिजाइन ढूंढ रही हैं तो ये क्लासिकल पैटर्न ट्राई कर सकती हैं। इसे बनाना कितना आसान है ये देखने में भी उतना ही फैंसी भी लगता है। बस पैरों के बीचों-बीच एक सिंपल सी बेल बनाकर आप इस पैटर्न को तैयार कर सकती हैं।

### मेहंदी के संग मिक्स करें आलता

अगर कुछ अलग हटकर ट्राई करना चाहती हैं तो आलते के साथ मेंहदी मिक्स कर के ये डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। ये काफी यूनिक और फैंसी लुक देगा। पैरों की उंगलियों पर आलता लगा लें। वहीं, साइड और बीच में मेहंदी से सुंदर बूटियां बना लें। नई नवेली दुल्हनों के लिए तो डिजाइन एकदम परफेक्ट है।

## टीचर्स डे पर चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो पहनें ऐसी साड़ी, सब करेंगे तारीफ






टीचर्स डे पर अधिकतर स्कूल में 12 क्लास के लड़के-लड़कियों को टीचर का किरदार निभाने का मौका मिलता है। ऐसे में लड़कियां इस दिन साड़ी पहनना पसंद करती हैं। तो इस दिन स्टाइलिश अंदाज पाने के लिए एक्ट्रेसेस की तरह साड़ी को कैरी करें।

एक टीचर अपने बच्चे को बचपन से ही सही मार्ग पर चलने की राह बताता है। इये दिन शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी बेहद खास होता है। इस दिन बच्चे अपने टीचर के प्रति सम्मान देने के लिए अलग-अलग प्रोग्राम होता है। इस दिन बच्चे टीचर का किरदार निभाने के लिए उनकी तरह तैयार होकर स्कूल जाते हैं। इस दिन टीचर की तरह स्टाइलिश लुक पाने के लिए यहां देखिए एक्ट्रेसेस के साड़ी लुक।

**प्लेन ऑर्गेंजा साड़ी :** आप प्लेन ऑर्गेंजा साड़ी पहन सकती हैं। आप इस प्लेन साड़ी के साथ सीक्वेंस ब्लाउज को पहन सकती हैं। सिंपल साड़ी में इस तरह का लुक काफी स्टाइलिश दिखता है।

**सिंपल लाल साड़ी :** अगर आप क्लासी लुक पाना चाहती हैं तो लाल रंग की इस तरह की साड़ी को पहन सकती हैं। इस साड़ी में फूलों की छोटी-छोटी बूटी हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कंट्रास्ट पिंक कलर का ब्लाउज पहना था।



**खूबसूरत दिखेगी इस तरह की साड़ी :** आप इस तरह की साड़ी को टीचर्स डे पर पहन सकती हैं। इसमें नीले-पीले रंग की लाइने बनी हुई हैं। इस साड़ी के पल्ले पर हैवी एंब्रॉडरी बॉर्डर लगा हुआ है।

**फूलों के प्रिंट वाली साड़ी :** आप एक ऐसी साड़ी को चुन सकती हैं जिसमें फूलों का प्रिंट हो। शिफॉन फैब्रिक की साड़ी में आप खूबसूरत और स्लिम दिखेंगी। इसके साथ आप अन्नया जैसे लुक को क्रिएट कर सकती हैं।

**सुंदर है ये ऑर्गेंजा साड़ी :** अगर हल्के रंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। ये साड़ी दो रंगों में आती है। हल्के रंग की इस साड़ी के साथ आप डार्क रंग की साड़ी को कैरी कर सकती हैं।

## खत्म हो गया है ब्लश तो खोलें फ्रिज और दो सब्जियों से कर लें तैयार, जानें कैसे

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। आज के समय में तो बाजार में महिलाओं को उनकी स्किन टोन और स्किन टाइप के हिसाब से मेकअप आसानी से मिल जाता है। जिस तरह से महिलाओं की खूबसूरती में लिपस्टिक चार चांद लगाती है, ठीक उसी तरह से ब्लश भी मेकअप का काफी अहम हिस्सा है। ब्लश की वजह से चेहरे की लालिमा बरकरार रहती है।

कई बार ऐसा होता है कि ब्लश खत्म हो जाता है। हर किसी से लिए तत्काल जाकर इसे खरीदना आसान नहीं होता। ऐसे में आप इसे घर पर तैयार कर सकती हैं। जी हां, ये भले ही सुनने में अजीब लगे, लेकिन आप घर पर ही बिना केमिकल वाला ब्लश सब्जियों की मदद से बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है। इसके साथ ही आप इस प्राकृतिक ब्लश को स्टोर करके फ्रिज में रख सकती हैं, ताकि आप बिना समय गंवाएं इसका इस्तेमाल कर सकें।



### गाजर की मदद से करें तैयार

पीच रंग के ब्लश के लिए आप गाजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये ब्लश हर किसी पर काफी खूबसूरत लगता है। इसे बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को कद्दूकस कर लें। कद्दूकस करने के बाद गाजर को सुखा लें। जब ये सही से सूख जाए तो थोड़ा सा अरारोट मिलाकर इसे मिक्सी में पीस लें। आपका ये ब्लश तैयार है।

### चुकंदर का ब्लश ऐसे करें तैयार

लाल ब्लश के लिए आपको चुकंदर का इस्तेमाल करना पड़ेगा। चुकंदर खाने से न सिर्फ आपका स्वास्थ सही रहता है, बल्कि ये सुंदरता बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। चुकंदर की मदद से आपको ब्लश बनाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। चुकंदर का ब्लश तैयार करने के लिए बस सबसे पहले चुकंदर का गाढ़ा पल्प तैयार करें। इस पल्प में ग्लिसरीन की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इसे सही तरह से मिक्स करें। बस इन दो स्टेप्स से आपका ब्लश तैयार है। आप इसे छोटे से कांच के कंटेनर में रखकर स्टोर कर सकती हैं।

## इन पत्तियों से बनी क्रीम आपको देगी दमकती त्वचा, इसे घर पर बनाने का तरीका जान लें

हम सभी बारिश के मौसम में अपनी त्वचा को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। दरअसल, इस मौसम में त्वचा पर इंफेक्शन का काफी खतरा मंडराता है, जिस वजह से लोग स्किन केयर करके त्वचा को सुरक्षित रखने का प्रयास करते हैं। इसके लिए बाजार में मंहगे से मंहगी क्रीम स्किन टाइप के हिसाब से आपको मिल जाएगी लेकिन इन रेडीमेड क्रीम का असर कुछ दिनों तक ही रहता है।

ऐसे में हम आपको एक ऐसी होममेड क्रीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी त्वचा को न सिर्फ इंफेक्शन से बचाती है, बल्कि चेहरे की कई अन्य परेशानियों को भी दूर करती है। यहां हम नीम से बनी क्रीम की बात कर रहे हैं। ये क्रीम आपकी कई परेशानियों को दूर करने का काम करेगी।



क्रीम बनाने का सामान
- नीम का पत्ते
- नारियल का तेल - 2 बड़े चम्मच
- ग्लिसरीन- 2 चम्मच
- एलोवेरा जेल - 2 बड़े चम्मच
- विटामिन ई कैप्सूल

नीम में एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं का समाधान करने में मदद करते हैं। इसी के चलते इस लेख में हम आपको घर पर ही नीम की पत्तियों से क्रीम बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल के फायदे बताने जा रहे हैं।

**मुंहासों का उपचार :** नीम की बनी ये क्रीम मुंहासों और त्वचा के दाग-धब्बों को कम करने में मदद करती है। ऐसे में अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**संक्रमण से सुरक्षा :** नीम में तमाम तरह के एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं। ऐसे में आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। ताकि आपकी त्वचा संक्रमण से बची रहे।


**पोर्स होंगे टाइट :** ये होममेड क्रीम आपके स्किन पोर्स को टाइट करके झुर्रियां होने से बचाता है। ये क्रीम प्राकृतिक है और इसे बनाने में उपयोग किए गए सभी तत्व त्वचा के लिए सुरक्षित और लाभकारी हैं।


कार्नर न्यूज

**अक्सर आप पूरा ध्यान कपड़ों, ज्वेलरी और मेकअप पर लगा देती हैं, लेकिन बालों को भूल जाती हैं**

*हेयर एक्सेसरीज आपके बालों को व्यवस्थित करती है, खूबसूरती बढ़ाती है तो व्यक्तित्व को निखारती भी है। यह आपको किसी भी अवसर पर आकर्षक बना सकती है। अक्सर आप अपना पूरा ध्यान कपड़ों, ज्वेलरी और मेकअप पर लगा देती हैं, लेकिन बालों को भूल जाती हैं। इससे आपकी सुंदरता में कुछ कमी रह जाती है। बाल आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं और आपके पूरे व्यक्तित्व को निखार कर सामने लाते हैं। ऐसे में हेयर एक्सेसरीज आपके लुक को एक नया आयाम दे सकती है और बालों को सुंदरता के साथ सजाने में मदद कर सकती है।*

## इन हेयर एक्सेसरीज से निखरेगा आपका व्यक्तित्व खरीदने से पहले जानें क्या है आजकल ट्रेंड में





**पर्ल जाल :** यह एक्सेसरीज बन हेयर स्टाइल के साथ इस्तेमाल की जाती है, जो बेहद खूबसूरत और रॉयल लुक देती है। यह पर्ल (मोती) के साथ जाल की तरह सजाई जाती है, जो आपके बालों को एक एलिगेंट और क्लासिक लुक देती है। पर्ल जाल हेयर एक्सेसरीज खासतौर पर विशेष अवसरों, जैसे कि शादी या पार्टी के लिए उपयुक्त है। यह आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी।

**पर्ल हेयर बैंड :** पर्ल से सजाए गए हेयर बैंड्स बालों को एक गॉर्जियस लुक देते हैं। पर्ल बैंड्स खासतौर पर पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स के लिए आदर्श होते हैं, लेकिन आप इनका इस्तेमाल डेली यूज में भी कर सकती हैं, जो आपको एक आकर्षक-सा लुक देने में मदद करेंगे। यह भी आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

**नॉट हेयर बैंड :** ये हेयर बैंड नॉट डिजाइन के साथ आते हैं, जो आपको एक स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देते हैं। आजकल ये महिलाओं खासकर, लड़कियों की खास पसंद बने हुए हैं। नॉट हेयर बैंड्स बालों को सुसज्जित और व्यवस्थित रखने के साथ-साथ आपके आउटफिट को भी आकर्षक बनाते हैं। ये कैजुअल लुक के लिए भी उपयुक्त हैं, हालांकि इनको इस्तेमाल करना उतना आसान नहीं है, इसलिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ती है।

**हेयर क्लिप विद फ्लॉवर :** इसमें आपके बाल क्लिप फ्लॉवर डिजाइन के साथ होते हैं, जो बालों में सजावट करने उसे खूबसूरत और आकर्षित दिखाने का एक तरीका है। फ्लॉवर के साथ हेयर क्लिप का यह स्टाइल आपके बालों को सुंदर और नरम लुक देने का काम करता है। यह क्लिप आमतौर पर किसी छोटे-मोटे समारोह के लिए उपयुक्त हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं।

